राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 भारत के टेस्ट श्रृंखला जीतने पर...

डोनाल्ड ट्रंप नामांकन के एक कदम और... 12

वर्ष : 11 | अंक : 285 | पटना, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 64,035

चांदी 75,600

सेंसेक्स 72,790

निफ्टी 22,122

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम ने सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता और अखंडता के प्रति उनके अटूट समर्पण को देश याद रखेगा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वीर सावरकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। हमारे देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए भारत उनकी वीरता और अटूट समर्पण को हमेशा याद रखेगा। उनका योगदान हमें अपने देश के विकास और समृद्धि के वास्ते प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रहे सावरकर का निधन 1966 में हुआ था।

### आंध्र में खड़े ट्रक से टकराई बस, चार की मौत

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में सोमवार सुबह एक बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना प्रथीपाडु मंडल में पदलम्मा मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। पुलिस के अनुसार, एक ट्रक जो ओडिशा से बापटला की ओर जा रहा था, उसका टायर पंचर हो गया था और चालक ने वाहन को सड़क के किनारे रोक दिया था। इस दौरान विशाखापत्तनम से राजामहेंद्रवरम जा रही आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। पंचर ठीक कर रहे तीन लोगों और एक पैदल यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी और राजामहेंद्रवरम पहुंच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर दिया जोर

# पीएम ने 41 हजार करोड़ रुपये की रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

- प्रधानमंत्री ने 1500 रोड़ ओवरब्रिज और अंडरपास भी राष्ट्र को किया समर्पित
- सुरक्षा व कनेक्टिविटी बढ़ेगी और रेल यात्रा की क्षमता व दक्षता में सुधार होगा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 फरवरी को देश की जनता को एक बड़ी सौगात देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में 2021 जगहों से करीब 40 लाख लोग जुड़े थे। इसमे 11 जगहों से मुख्यमंत्री समेत अन्य विशिष्ट लोग शामिल थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया। 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को एक साथ मिलाते हुए शहर के केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। इन स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होगी। इनमें छत प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। साथ ही, इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशन



भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन किया। लगभग 385 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्विकास किया गया है। भविष्य में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान सुविधाओं को अलग कर दिया गया है। यह शहर के दोनों हिस्सों को जोड़ता है। इस केंद्रीय वातानुकूलित स्टेशन में आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे कि एयर कॉनकोर्स, कंजेशन फ्री सकुर्लेशन, फूड कोर्ट और ऊपरी व निचले बेसमेंट में पर्याप्त पार्किंग स्थान है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास भी राष्ट्र को समर्पित किया। ये रोड ओवरब्रिज व अंडरपास 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित हैं। लगभग 21,520 करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं का निर्माण किया गया है। इन परियोजनाओं से भीड़ कम होगी, सुरक्षा व कनेक्टिविटी बढ़ेगी और रेल यात्रा की क्षमता व दक्षता में सुधार होगा।

## लाखों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे: पीएम

पटना। प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भारत आज जो कुछ भी करता है, वह अभूतपूर्व तेजी से और बड़े पैमाने पर करता है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। यह संकल्प इस विकसित भारत विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिखाई देता है। उन्होंने उस पैमाने का उल्लेख किया जिसने हाल ही में अभूतपूर्व गति प्राप्त की है। उन्होंने अपने पिछले कुछ दिनों के जम्मू और गुजरात कार्यक्रमों का जिक्र किया जहां से उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के बड़े पैमाने पर विस्तार की शुरूआत की। इसी तरह, आज भी 12 राज्यों के 300 जिलों में 550 रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 40 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू हुई। इस अवसर पर उन्होंने कुछ महीने पहले अमृत भारत स्टेशन परियोजना की शुरूआत को याद किया, जहां देश में 500 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम इस संकल्प को और भी मजबूत करता है और भारत की प्रगति की गति की एक झलक प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने आज की रेलवे परियोजनाओं के लिए लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने आज की विकास परियोजना के लिए भारत की युवा शक्ति को विशेष रूप से बधाई दी, क्योंकि वे ही विकसित भारत के वास्तविक लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि आज की विकास परियोजनाओं से जहां लाखों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं को यह तय करने का अधिकतम अधिकार है कि विकसित भारत कैसे आगे बढ़ेगा। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विकसित भारत में रेलवे के सपनों को साकार करने के लिए युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया और विजेताओं को बधाई भी दी। उन्होंने युवाओं को आश्वासन दिया कि उनके सपने और कड़ी मेहनत के साथ-साथ प्रधानमंत्री का संकल्प विकसित भारत की गारंटी है।

योजनाओं के शिलान्यास उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री एवं दोनों उप मुख्यमंत्री

# बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों पर 68 ओवरब्रिज-अंडरपास का होगा निर्माण



प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किये गये रेलवे से संबंधित योजनाओं के शिलान्यास / उद्घाटन कार्यक्रम में 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रिमोट के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये की लागत से देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों का तथा 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। रेलवे परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों बरौनी, सीवान, मुंगेर, थावे, सबौर, अररिया कोर्ट, शिवनारायणपुर, दौरम मधेपुरा, डेहरी ऑन सोन, गुरारू, काढ़ागोला रोड, चौसा, लहेरियासराय, बांका, सिमरी बख्तियारपुर, सुपौल, नवादा, रक्सौल, मोतीपुर, लखीसराय, मशरख, रफीगंज, मैरवा, पीरो, बिक्रमगंज, लाभा, जनकपुर रोड, चकिया, नवीनगर रोड, घोड़ासहन, सालमारी, एकमा एवं शाहपुर पटोरी का पुनर्विकास कार्य एवं 68 रोड ओवरब्रिज व अंडरपास का निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। रेलवे योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्य की शुरूआत होने से पहले दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे की परियोजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधान पार्षद अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह एवं दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी उपस्थित थे।

# घर में लगातार 17वीं सीरीज जीती टीम इंडिया

## भारत ने चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया

- जुरेल को मिला मैन ऑफ द मैच
- सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट सात मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। भारत ने चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारत के लिए ध्रुव जुरेल और शुभमन गिल ने छठे विकेट के लिए नाबाद 72 रन की साझेदारी निभाई। जुरेल के बल्ले से विनिंग रन निकले। उन्होंने दो रन लेकर मैच में जीत दिलाई। जुरेल 39 रन और शुभमन 52 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा कप्तान रोहित शर्मा 55 रन की पारी खेली। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट सात मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। ध्रुव ने पहली पारी में 90 रन बनाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत को जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य मिला था। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 307 रन पर समाप्त हुई थी।

इंग्लैंड की टीम 46 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी में उतरी थी। इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में उनकी कुल बढ़त 191 रन की हुई थी। कप्तान स्टोक्स और कैच ब्रैंडन मैकुलम के साथ आने के बाद इंग्लैंड की यह पहली टेस्ट सीरीज हार है। भारत ने बैजबॉल को ध्वस्त कर दिया है। बैजबॉल इंग्लैंड के आक्रामक क्रिकेट स्टाइल को कहा जाता है। यह पहली बार है जब स्टोक्स और मैकुलम के रहते इंग्लैंड की टीम लगातार तीन टेस्ट मैच हारी है। भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीती है, जो कि एक रिकॉर्ड है। जीत का यह सिलसिला 22 फरवरी 2013 से अब तक जारी है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 1994 से लेकर 2001 तक अपने घर में लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती थी।


भारत ने सातवीं बार टेस्ट में सीरीज में 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सीरीज अपने नाम की है। यह 2013 के बाद पहली बार है जब भारत में 150 से ज्यादा रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक किसी टीम ने हासिल किया है। इससे पहले मार्च 2013 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी।

# मशहूर गजल गायक पंकज उधास का निधन

- पीएम व सीएम ने जताया शोक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मशहूर गजल गायक पंकज उधास का निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे 72 साल के थे। उनका जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था।



पंकज उधास की बेटी नायाब उधास ने पिता के निधन की पुष्टि की है। नायाब उधास ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह दुखद खबर साझा करते हुए लिखा, भारी दिल और बड़े दुख के साथ आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि लंबी बीमारी के चलते 26 फरवरी 2024 को पद्मश्री पंकज उधास का निधन हो गया है। गजल गायक की मौत की खबर उनकी फैमिली के साथ ही फैंस के लिए भी किसी सदमे से कम नहीं है। हर किसी ने सोशल मीडिया पर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पंकज उधास के निधन का कारण उनका लंबे समय से बीमार होना बताया जा रहा है। उनका निधन 26 फरवरी को ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुआ। पीएम ने जताया शोक : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है। सोशल मीडिया के जरिए दिवंगत गायक को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि संगीत के क्षेत्र में उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जाएगी।

**उद्घाटन** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स 2024 का उद्घाटन करते हुए बोलें पीएम मोदी

# देश में स्थिर सरकार का असर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में भी नजर आया : पीएम


प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में स्थिर और दूरदर्शी सरकार होने का लाभ स्पष्ट तौर पर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में नजर आ रहा है। पिछले 10 साल में यह सात लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा क्षेत्र विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभों गरीब, युवा, किसान और महिला सभी से जुड़ा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हम भारत को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब में बदल देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए परिदृश्य पर यह बड़ी बात नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स 2024 का उद्घाटन करते हुए कही। ह्यभारत टेक्स 2024 देश में आयोजित होने वाले वस्त्र क्षेत्र से जुड़े वैश्विक स्तर के अब तक का सबसे बड़ा आयोजन





है। यह चार दिवसीय आयोजन उद्घाटन के साथ भारत मंडपम और यशोभूमि में शुरू हो गया । इस अवसर पर 3 हजार से अधिक प्रदर्शक, 100 देशों के लगभग 3 हजार खरीदार और लगभग 40 हजार व्यापार आगंतुक एक साथ आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोजन को वैल्यू-चेन और टेक्सटाइल इको सिस्टम से जुड़े लोगों के लिए एक साझा मंच पर एक साथ आने का एक शानदार अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण में टेक्सटाइल सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के लिए विस्तृत दायरे में काम रही है। इसमें परंपरा, तकनीक, योग्यता और प्रशिक्षण (ट्रेडिशन, टेक्नोलोजी, टेलेंट और ट्रेनिंग) पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार टेक्सटाइल वैल्यू चेन के सभी पहलुओं को पांच एफ के सूत्र से से जोड़ रही है। फाइव यानी एफ फार्म, फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फॉरेन (खेत, धागा, फेक्ट्री, पहनावा और विदेश)। सरकार के लगातार प्रयासों से भारत के कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार के प्रयास से खादी को विकास और रोजगार दोनों मिले हैं। भारत दुनिया में कपास, पटसन और सिल्क के बड़े उत्पादकों में से एक है। लाखों किसान इस काम में जुटे हैं। लाखों कपास किसानों को सरकार मदद कर रही है। उनसे लाखों क्विंटल खादी खरीद रही है। सरकार की ओर से लांच कस्तूरी कपास भारत की अपनी पहचान बनाने की ओर एक बड़ा कदम होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन में कम से कम दखल दिए जाने पर विश्वास रखती है। सरकार केवल यह सुनिश्चित कर रही है कि गरीबों की जरूरत पूरी होनी चाहिए। अगले पांच वर्ष में भी इसी दिशा में प्रयास जारी रहेगा। इस आयोजन में 65 से अधिक ज्ञान सत्र होंगे।

# रंगदारी मांगने व फायरिंग करने वाले को नहीं छोड़ेगी पुलिस : सिटी एसपी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

## सक्रिय अपराधियों की सूची बन रही, नाम-तस्वीर किया गया वायरल



खाजेकलां थाना क्षेत्र के कंघैया टोला के होदा साहेब के फाटक मुहल्ला में रविवार को पैदल दो की संख्या में रहे बदमाशों ने शीशा कारोबारी मो चांद के कारखाना पर चढ़ कर फायरिंग किया था। इस मामले में जांच के लिए नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) भारत सोनी ने कहा कि घटना हुई है और इसकी जांच सही दिशा में जा रही है। मो चांद से करीब एक माह पूर्व रंगदारी की मांग की गई थी, मगर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। ऐसा भी हो सकता है कि इन्हें परेशान करने के लिए छद्म रूप से कोई कॉल किया गया हो। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है और घटना में संलिप्त व सीसीटीवी में दिख रहे दो अपराधियों की पहचान भी की जा रही है। एसएसपी के स्तर से भी मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है।

जब सिटी एसपी भारत सोनी पहुंचे, तब उस वक्त खाजेकलां, बाइपास और मेहंदीगंज थाना की पुलिस भी मौजूद थी। इस दौरान एएसपी शरथ आरएस भी थे। सिटी एसपी ने कहा कि अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस कार्रवाई करने में लगी है। आज के युवा जोश में आकर गलत हरकत कर लेते हैं। ऐसे लोगों को वह मेसेज देना चाहेंगे कि लोगों को गलत काम के लिए बख्शा नहीं जाएगा। अनुसंधान करते हुए कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में भी तकनीकी जांच जारी है। हालांकि जिन दो नंबरों से व्हाट्सएप कॉल और चैटिंग कर धमकी दी गई थी, वह दोनों नंबर फेक पाया गया है। सक्रिय अपराधियों की सूची बनाकर रेड की जा रही है।

जो अपराधी पूर्व में सक्रिय था, ऐसे लोगों की भी सूची बनाई और निकाली जा रही है। इस पर तेजी से काम चल रहा है। एक अपराधी चांद ने दूसरे कारोबारी चांद से रंगदारी की मांग की है। उस पर गोली भी चलाई गई है। चार खोखा बरामद किया गया है। सिटी एसपी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस मामले में गोली चलाने वाले जो तस्वीर में दिख रहे हैं, उसकी पहचान बताने वालों का नाम व पता गुप्त रखते हुए उन्हें इनाम भी दिया जाएगा। दरअसल जब उनसे पूछा गया कि अपने को चांद नाम बताते हुए पिछले माह हुई सोनू उर्फ बैगनवां की हत्या में भी उसने अपनी संलिप्त की बात कही है। इस पर सिटी एसपी ने कहा कि उस मामले में भी वह नामजद है और वांछित है। वर्ष करीब 2011 में वह फतुहा थाना से जेल भी गया था। खाजेकलां थाना में भी वह वांछित है। उसके ग्रुप से जुड़े हुए सदस्यों का पता लगाया जा रहा है। एक दूसरे अभिषेक नाम के अपराधी की भी खोज की जा रही है। वे कल रात भी यहां आकर पीड़ित से मुलाकात कर उनसे बात की थी। सिटी एसपी ने शीशा कारोबारी मो चांद से बात की। साथ ही उन्हें सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया और कारखाना खोलकर काम करने की बात कही। फिलहाल उनके कारखाना में करीब 10 कारीगर काम करते हैं। इसके अलावा अनेक ऐसे भी लोग हैं, जो यहां से शीशा और निर्माण सामग्री ले जाते हैं और घर से माल तैयार कर यहां पहुंचा देते हैं। फिलहाल सिटी एसपी ने शीशा कारोबारी की सुरक्षा को लेकर कारखाना के पास दो आरक्षी की तैनाती की है। इस संबंध में कहा कि उन्हें अल्लाह के बाद पुलिस प्रशासन पर ही भरोसा है। पुलिस अपना काम कर रही है। उनके द्वारा आश्वासन मिलने के बाद की आपको पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। जब भी कुछ अनहोनी की आशंका या कोई बात हो, तो आप स्थानीय थाना, एएसपी, सिटी एसपी या एसएसपी से सीधे बात कर सकते हैं। पुलिस आपके साथ है। सिटी एसपी ने कहा कि इस मामले में घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन की जा रही है। सुरक्षा को लेकर वहां पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गयी है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुजीत राय ने दिया जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा

फतुहा। सोमवार को स्थानीय पैजावा जल्ला निवासी सुजीत कुमार राय ने जदयू के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए अपना पत्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है। उन्होंने बताया कि जदयू पार्टी की कार्यशैली से असंतुष्ट होकर मेरे द्वारा यह निर्णय लिया गया है। अब मेरा जदयू पार्टी से कोई संबंध नहीं रहा। इस आशय की सूचना जदयू प्रदेश अध्यक्ष को भेज दी गई है।

### बंधक बना कर हजारों के गहने और मोबाइल की लूट

फतुहा। थाना क्षेत्र के सोनारू गांव में रविवार की देर रात 6 नकाबपोश बदमाश अवैध हथियारों के साथ एक घर में घुस गए। पीड़ित परिवार के साथ मारपीट की और उन्हें बंधक बनाकर घर में रखे 30 हजार नकद व करीब 50 हजार कीमत के गहने व एक वन प्लस का मोबाइल लूटकर ले गए। सूचना पर पुलिस पीड़ित के घर पहुंची। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। पीड़ित सत्यम कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात करीब 12:30 बजे 6 नकाबपोश बदमाश हाथों में हथियार लिए छत फांदकर घर में घुस गए। बदमाशों ने पीड़ित परिवार के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और नकदी जेवरात के बारे में पूछने लगे। जब बदमाशों को नकदी जेवरात की जानकारी नहीं मिली तो बदमाशों ने लोहे की रॉड व कट्टे की बट से सभी के साथ मारपीट की।बदमाशों ने घर के कमरों, अलमारी और संदूक की तलाशी लेना शुरू कर दिया, जिसमें अलमारी में रखे 30 हजार रुपए नकद और करीब 50 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और एक वन प्लस के उनके हाथ लग गए।

### ज्वेलर्स दुकान मालिक से बदमाशों ने दो लाख की रंगदारी मांगी

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोलारोड टी पॉइंट नजदीक ज्वेलर्स का दुकान मालिक से बदमाशो ने दो लाख की रंगदारी मांगी। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। आरपीएस मोड़ निवासी कुणाल कुमार का गोलारोड टी प्वाईंट के निकट ज्वेलर्स का दुकान है। उनके मोबाइल पर एक नंबर से व्हाटसअप पर औडियो मैसेज आया। मैसेज सुनते ही उनके हाथ पांव फूल गये। जिसमें मैसेज करने वाले ने धमकी देते हुए दो लाख की रंगदारी की मांग की थी। साथ ऑन लाइन पेमेंट भेजने को कहा था। मैसेज सुन दुकानदार कुणाल घबरा गये। जिसके बाद उसने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने कहा कि व्हाटसअप पर औडियो मैसेज भेज एक दुकानदान से रंगदारी की मांग की गयी है।

### मोटर चोर गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को चित्रकुटनगर रोड नंबर 3ए 9 स्थित एक घर से चोर ने मोटर चोरी कर ली। गृहस्वामी के प्रयास से मोटर के साथ एक युवक को बाटा के पास से उस समय पकड़ा गया जब वो मोटर बेच रहा था। मोटर के साथ उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में गृहस्वामी राहूल गुप्ता ने लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। राहूल ने बताया कि एक युवक घर में दिन में घुस कर मोटर चोरी कर लिया। जब घर से निकल रहा था। पता चलने पर उसे खोजने निकले। तो बाटा के पास एक दुकान में उसे देखा जब वहां पहुचे तो वो मोटर बेच रहा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मोटर के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### किशोर के पास से मिला हथियार

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना की पुलिस ने कैमाशिकोह स्थित बिजली ऑफिस गली से एक किशोर को पकड़ा है। उसके पास से लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया है।थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी में किशोर से हथियार बरामद किया गया है। उससे पूछताछ करने के बाद सुधार गृह भेजा गया है।

### शिव पुराण कथा को ले निकाला कलश शोभायात्रा



पटना सिटी (प्राकि)। महाशिवरात्रि समर्पित शिव पुराण कथा गंगा दर्शन समिति की ओर से दीवान मुहल्ला सीढ़ी घाट प्राचीन शिव मंदिर परिसर में कलश शोभायात्रा से शुरू हुआ। आयोजन स्थल से 108 महिलाओं के साथ कलश यात्रा भद्र घाट पहुंची। यहां से जलभरावन के बाद पुरानी सिटीकोर्ट, पश्चिम दरवाजा, गुरहट्टा होते हुए वापस आयोजन स्थल लौटा। इसके बाद धार्मिक पूजन के बाद गंगोत्री धाम से पधारे आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री जी ने कथा कही। आयोजन को लेकर अनिल श्रीवास्तव, सुदामा प्रसाद सिन्हा, आरके मिश्र आदि शामिल थे।

## सांसद रामकृपाल यादव ने अनुमंडलीय अस्पताल में छह शव वाहन की चाबी सीएस को सौंपा

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर। नगर के अंतर्गत अनुमंडल अस्पताल दानापुर में सांसद रामकृपाल यादव ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के छह शव वाहन की चाबी सीएस को सौंपा। उन्होंने कहा कि 37 लाख के लागत से यह छह शव वाहन दानापुर, मसौढ़ी,पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल, नौबतपुर व बिहटा रेफरल अस्पताल और पुनपुन स्वास्थ्य केन्द्र को दिया गया है। इसका सफल संचालन होगा तो हर अस्पताल में शव वाहन देंने का काम करेंगे।

बताया कि इससे पहले एम्बुलेंस भी दिए थे। सांसद ने कहा कि दियारावासियों को चौबीस घंटे बिजली मिल रही है। सड़कों का जाल बिछ गया है ।यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है ।नमामि गंगे में भी कई कार्य हुए हैं और आगे भी होंगे। गरीबों के कल्याण के जो काम पिछले दस वर्षो में हुआ वह आजादी के बाद से नहीं हुआ था ।उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री पर चुटकी लेते हुए कहा कि माल महाराज का मिर्जा खेले होली। काम कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और श्रेय लेने के लिए झुठ बोल रहे हैं। मौके पर पूर्व विधायक आशा सिन्हा,निखिल आनंद, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार,रवि भूषण उर्फ बेला यादव, मनेर के उप मुख्य पार्षद शंकर राय भाजपा नेता भाई सनोज यादव, डीएस डॉ निभा मोहन,अस्पताल प्रबंधक सीमा कुमारी समेत अन्य कार्यकर्ता थे ।सीएस डॉ श्रवण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## निर्माण के पूर्व किया गया अरदास

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में संगतों की बढ़ती संख्या और कम पड़ते कमरे को लेकर काम किया जा रहा है। बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और बाबा सुखविंदर सिंह के निर्देश पर स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे हैं। फिलहाल यहां 50 आधुनिक कमरे का निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार को तीसरी मंजिल की ढलाई का काम शुरू किया गया। इसके पूर्व तख्तश्री पटना साहिब के कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह और ग्रंथी रोशन सिंह ने अरदास किया। इस दौरान बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा रोशन सिंह, बाबा बलबीर सिंह, बाबा बख्शीश सिंह, बाबा वाजपेयी जी, कारसेवा वाले बाबा मेजर सिंह, बाबा चमकौर सिंह, प्रबंधक राजन सिंह, दीपक लांबा, करन सिंह, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब के डॉ गुरविंदर सिंह, उत्तर प्रदेश के सितारगंज से जत्था लेकर पहुंचे सरदार जसपाल सिंह, बूटा सिंह आदि मौजूद थे। हर मंजिल पर पांच-पांच कमरे बनने हैं और पांच मंजिला बनना है। नीचे बेसमेंट में वाहन पार्किंग बन रहा है।

## उत्तीर्ण कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पाटलिपुत्र खेल एवं संस्कृति परिसर, मंगल तालाब में राज्य कराटे संघ ऑफ बिहार के तहत सोमवार को कराए गए बेल्ट टेस्ट एवं प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि येलो बेल्ट में जानह्वी, शुभ, अवान, फैज, अनुष्का, ऑरेंज बेल्ट में प्रिसा, मनीष, शुभांगी, अर्श, दिव्यांशु, तुलिप, सृष्टि, अभिराज, सूरज, ग्रीन बेल्ट में रितिका, अनमोल, केशव, अर्शिका, ब्लू बेल्ट में ऋषभ, शिव, सिद्धार्थ, मानव पटेल, पर्पल बेल्ट में आदित्य राज, स्वाती सोनी, ब्राउन बेल्ट रितिशा, सृष्टि, प्रियांशु, क्रिशा, ब्लैक बेल्ट में सुश्रुत सुमन, आशिता, प्राची, कृतिका, आदित्य 1, सन्नी, ऋषिका, अदिति, सानवी, आदित्य 2, युवराज, ऋषिराज और कुणाल हैं। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को बुडोवास अकादमी के अध्यक्ष सिहांन राम शिव कृष्ण, उपाध्यक्ष सिहांन बजरंगी कुमार, सहसचिव सेंसई पप्पू कुमार, अजय कुमार, कृष्ण कुमार, आर्यन, सक्षम, राजवीर ने सबों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जिला राजद के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने आगामी 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में आहूत

दानापुर। नगर के अंतर्गत पटना जिला राजद के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने आगामी 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में आहूत महागठबंधन की प्रस्तावित जन विश्वास महारैली को सफल बनाने के लिए दानापुर विधानसभा अंतर्गत सरारी ग्राम पंचायत के दरियापुर, शिवाला मुसहरी, कोठिया, घुसुक टोला, उसरी खुर्द, भासिम टोला, भगवतीपुर एवं भिंड पर मूसहरी सहित कई इलाकों में सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर सभी जनता एवं कार्यकर्ता को महारैली में पटना चलने के लिए आमंत्रित किया ' जनता जनार्दन ने उन्हें विस्वास दिलाया की सभी लोगों में महागठबंधन की महारैली को लेकर काफी उत्साहित है और तीन मार्च को पूरा पटना लोगों की भीड़ से पट जायेगा ' इस मोटरसाइकिल जुलूस में मुख्य रूप से करण यादव, दिनेश रजक सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वैशाली विधानसभा में बिजली के क्षेत्र में आज ऐतिहासिक दिन : विधायक

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर ।आज वैशाली विधानसभा के लिए बिजली के क्षेत्र में ऐतिहासिक है ।वैशाली विधानसभा के तीनों प्रखंडों में विकास के लिए संकल्पित सिद्धार्थ पटेल जी ने नगवा पावर ग्रिड से पटेढ़ी बेलसर पावर सबस्टेशन एवं गोरौल पावर सबस्टेशन मे 33 ङश लाइन सीधे जुड़वा कर बहुत बड़ी समस्या का निदान उन्होंने करवा दिया ।अब दोनो पीएसएस में दो 33 केवी लाइन होने से पावर की समस्या खत्म हो जाएगी। ज्ञात हो गोरौल सहित आसपास के सभी गांव में लो वोल्टेज एवं बिजली की समस्या बनी रहती थी।, विधायक श्री पटेल के अथक प्रयास से आज से यह समस्या दूर हो गई ।गग्रामीणो ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि हम सभी को विधायक सिद्धार्थ पटेल पर गर्व है ।, आज इसका विधिवत उद्घाटन करके एक बार पुनः उन्होंने सबसे बड़ी समस्या का निदान कर दिया, हम सभी वैशाली विधानसभा के जनता की ओर से कोटि-कोटि धन्यवाद। इस मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष जद यू प्रेम निषाद, पैक्स अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह, बलिराम सिंह, सुबोध सिंह, दशरथ सिंह, चन्देशवर सिंह, सैलेन्द्र सिंह, प्रिस कुमार, श्याम सिंह, मनोज कुमार, अरूण सिंह दिनेश सिंह सहित, विधुत विभाग के सहायक अभियन्ता गोरौल, कनिय अभियन्ता बेलसर, इत्यादी उपस्थित थे ।

## महुआ के कालीघाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रात :किरण संवाददाता



महुआ संत निरंकारी मिशन द्वारा 'स्वच्छ जल- स्वच्छ मन' कार्यक्रम तहत महुआ के काली घाट में सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान के दौरान काली घाट स्थित वाया नदी का किनारा एवं मंदिर का पूरा परिसर में साफ सफाई करते हुए सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर अथिति के रूप में महुआ नगर परिषद के सभापति -नवीन चंद्र भारती, उपसभापति- रोमी यादव वार्ड पार्षद- मो वसीम , विजय साह, मुनेश्वर दास भोला ठाकुर , तथा अन्य उपस्थित थे।। वही संत निरंकारी मिशन महुआ

शाखा एवं जिले के संयोजक- दिनेश सिंह, सेवादल के क्षेत्रीय संचालक- रमेश कुमार, संचालक- सचिन कुमार, शिक्षक- अमरजीत कुमार रविन्द्र कुमार, समोद कुमार, रामदयाल राम, अजय कुमार मनीष कुमार प्रभुदयाल राम ने सेवा में भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों एवं अमृत प्रोजेक्ट के तहत संत निरंकारी मिशन सेवा दल के सदस्यों ने पूरे घाट के किनारे साफ सफाई अभियान चलाते हुए घाट पर जहां तहां फैले कूड़े कचरे को एक जगह एकत्रित करते हुए परिसर की साफ सफाई की। इस दौरान संत निरंकारी मिशन के संयोजक दिनेश सिंह ने कहा कि सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का आदेश है कि सारे संसार को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छ जल का होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आज इस बायां नदी कालीघाट के किनारे साफ सफाई अभियान का संचालन करते हुए पूरे क्षेत्र की साफ सफाई की गई है। वहीं उन्होंने सभी लोगों से अपील की वे सभी अपने आसपास के क्षेत्र को भी साफ-सफाई करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें।

## महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली ।थाना क्षेत्र के अबुलहसनपुर पंचायत के परमानन्दपुर गावं के वार्ड नम्बर एक मे एक महिला का शव पुलिस ने संदिग्ध परिस्थिति में बरामद किया ।घटना की सूचना पर स्थल पर पहुंचे अवर निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि प्रमानन्दपुर में राकेश कुमार के घर मे उसकी पत्नी ममता कुमारी का शव पड़ा है ।पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले लिए ।मृतक का उम्र लगभग 24 बर्ष है ।मृतक के गले पर कुछ निसान पाये गए हैं पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है ।मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हीं होगा ।घटना की जांच की जा रही है ।अभी तक किसी के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। शव मिलने की खबर मिलते हीं मदरना पंचायत के सरपंच अरुण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांव के लोग की भीड़ इकट्ठी हो गई।

## सीएसपी संचालक से हुई लूटकांड का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। कटहरा थानान्तर्गत हुई सीएसपी संचालक से लूट की घटना का हुआ सफल उदभेदन कर लिया गया।लूट का 1 लाख तीन हजार रुपए और लैपटॉप भी बरामद कर दो अभुयुक्त को गिरफ्तार किया गया। वैशाली एसपी श्री कार्तिकेय के0 शर्मा ने प्रेसवार्ता कर बतलाय कि 19 फरवरी को कटहरा के बाघी के निकट सीएसपी संचालक से लूट की घटना हुई थी।प्राथमिकी दर्ज कर इस कांड का सफल उदभेदन हेतु महुआ डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। जिसमें कटहरा थाना और जिला आसूचना इकाई को शामिल किया गया था। लूट की घटना को अंजाम देने वाला दो अपराधी गिरफ्तार किया गया है जिसमे एक मोतिहारी के मेहसी थानाक्षेत्र का मो केशर और दूसरा मुजफ्फरपुर के मनियारी का रहने वाला सचिन कुमार है। इनके पास से लूट की पूरी राशि 103000 और लैपटॉप के साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है ।इनके निशानदेही पर अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बिहार की लोककलाओं पर परिचर्चा का आयोजन



पटना। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से स्वस्ति सेवा समिति द्वारा सुजनी कला पर पाँच दिवसीय सीबे सजयबै साथे-साथ प्रदर्शनी सह परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बिहार ललित कला अकादमी में किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन सूफी गायन के साथ-साथ परंपरा, सांस्कृतिक स्मृति और पहचान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा की अध्यक्षता बिहार हेरिटेज डेपलमेंट सोसायटी के निदेशक डॉ. विजय कुमार चौधरी ने करते हुए कहा कि बुद्धिस्ट कलाओं में बिहार का अद्वितीय स्थान रहा है। यह समय कला संस्कृतियों के सिंथेसिस का है।

बिहार कला सम्मान से सम्मानित कला समीक्षक विनय कुमार ने सुजनी कला सहित मधुबनी पेंटिंग के महिला कलाकारों के योगदानों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कलाओं को समकालीन संदर्भ में प्रस्तुत करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया में सांस्कृतिक मेमोरी की बड़ी भूमिका है। ससीईआरटी के कला एवं शिल्प विभाग के व्याख्याता डॉ. जैनेन्द्र दोस्त ने प्रदर्शनकारी कला विशेष कर बिहार की लोक रंगमंचीय परंपरा और स्त्रियों की पहचान विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि कलाओं में जेंडर के आधार पर खुब भेदभाव होते रहा है। नाचती गाती नाटक करती महिलाओं को समाज हेय दृष्टि से देखता है। यही वजह है कि ग्रामीण समाज हो या शहरी समाज आज भी महिलाओं को रंगमंचीय विधा में एक अच्छी पहचान नही मिली है।

परिचर्चा की वक्ता अनन्या खौंड ने असम में प्रचलित लोककथाओं पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पारंपरिक रूप से लोककथाओं का क्रॉस कल्चर संबंध रहता है।

परिचर्चा का संयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीता सिन्हा ने किया। विनीता सिन्हा ने मधुबनी पेंटिंग के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कलाकार दुलारी देवी के कार्यो पर विस्तार से बात रखते हुए कहा कि दुलारी देवी के कार्यो में परंपरा के साथ के समकालीन हस्तक्षेप भी है। उनके कार्यो में उनके सामाजिक सांस्कृतिक एवं जातीय पहचान संदर्भित होती है।

## स्वर्णिम आवाज के बादशाह थे गजल सम्राट पंकज उधास : प्रभात ठाकुर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



फिल्म निर्देशक व स्वरांजलि संस्था के उपाध्यक्ष प्रभात ठाकुर ने गजल सम्राट व पार्श्व गायक पंकज उधास के निधन को संगीत जगत में कालजयी क्षति बताया है। उनकी रेशमी आवाज की दुनिया दीवानी थी। अनेक अवसरों पर उनके साथ काम करने का मौका उन्हें मिला। सहज और मिलनसार मिजाज उनका व्यक्तित्व था। मुस्कराते हुए होठों से जब गजल के शब्द निकलते थे, तो लोगों की दीवानगी देखते बनती थी। ऐसा फनकार सदियों में सिर्फ एक बार पैदा होता है। संगीत मर्मज्ञ डॉ ध्रुव कुमार उनके निधन से स्तब्ध हैं। उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उधास साहेब ने हजारों गजल गाए हैं, सभी अच्छे हैं, लेकिन नाम फिल्म का गाना चिट्ठी आई है आई है, जो उन्होंने गाया है, वह संगीत प्रेमियों के दिलों पर दस्तक देती रहेगी। गायक अनिल रश्मि ने कहा कि उनका प्रसिद्ध गजल चांदी जैसा रंग है तेरा, सोने जैसे बाल गाकर संगीत की दुनिया में कदम रखा। वो मेरे मार्गदर्शक हैं कइस दौरान अनिल अकेला, ओम प्रकाश चौबे, आलोक चोपड़ा, पप्पू गुप्ता, संजीव प्रियदर्शी, आलोक चौबे, रीना मेहता, सीमा तृप्ति, सुनीता रानी ने भी गहरा शोक जताया है।

## चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। चोरी के मामले में मालसलामी थाना की पुलिस ने दो और दीदारगंज थाना की पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया है। मालसलामी थाना की पुलिस ने आदर्श कॉलोनी मालसलामी स्थित एक दुकान में हुई चोरी के मामले में राहुल कुमार और रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। इसमें एक फरार चल रहा है। उसकी तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। दूसरी ओर दीदारगंज थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि फतेहपुर स्थित एक मकान में हुई चोरी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चोरों के पास से कान का सेट और सोने का चेन बरामद हुआ है। गिरफ्तार में अमन कुमार, शिवम कुमार और दिलखुश है। पुलिस पकड़े गए तीनों से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस कहना है कि घटना से जुड़े अन्य की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है।

## चुनाव में हमारे युवा मतदाताओं तथा महिला निर्वाचकों की भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण: डीएम

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर जिला प्रशासन द्वारा नियमित तौर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) अभियान अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। जीविका दीदियाँ सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स एवं ग्राम संगठनों के द्वारा स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। विकास मित्रों द्वारा महादलित-बहुल बस्तियों एवं टोलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा अपने-अपने परियोजना क्षेत्रों में निर्वाचकों को जागरूक किया जा रहा है। आज मनेर, फुलवारीशरीफ, पालीगंज, सम्पतचक सहित अनेक प्रखंडों एवं नगर क्षेत्रों में मतदाताओं को अपने-अपने मताधिकार का प्रलोभन-मुक्त ढ़ंग से प्रयोग करने हेतु तरह-तरह की गतिविधियों से प्रेरित किया गया। 1.पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण 15 स्थलों (सूची संलग्न)पर अधिष्ठापित वैरियेबल मैसेज साइन डिस्प्ले सिस्टम द्वारा मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाताओं को जागरूक करने से संबंधित वीडियो, ग्राफिकल कंटेंट तथा क्रिएटिव के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

2.पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण चौराहों पर अधिष्ठापित 51 पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सवेरे 7 बजे से 10 बजे तक लगातार तथा इसके बाद हर आधा घंटा पर रात 9 बजे तक मतदाता जागरूकता पर आधारित जिंगल बजाया जाता है।

3.पटना नगर निगम में क्रियाशील 105 ओपेन टीपर, 375 क्लोज टीपर तथा 332 ई-कार्ट डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाले वाहनों कुल लगभग 1,000 वाहनों में चुनाव से संबंधित जिंगल के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे जिला में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्रों पर उत्तम व्यवस्था रहेगी। जिलाधिकारी ने फर्स्ट-टाइम वोटर्स, महिलाओं, दिव्यांग मतदाताओं, 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे आने वाले चुनाव में वोट जरूर डालें। जागरूक मतदाता हमारे समृद्ध लोकतंत्र की रीढ़ हैं। संविधान द्वारा प्रदत्त वयस्क मताधिकार बहुमूल्य है एवं इस अधिकार का प्रयोग एक नागरिक के लिए अत्यावश्यक है। चुनाव में उच्च मतदान प्रतिशत हमारे प्रजातंत्र को एक नया आयाम देगा। जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा वोटर टर्नआउट (वीटीआर) बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को लगातार सक्रिय रहने का निदेश दिया गया है। उन्हें सम्पूर्ण जिला में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया है। उन्होंने अंतर्विभागीय तथा अंतकोर्षागीय समन्वय के साथ-साथ सभी स्टेकहोल्डर्स यथा नागरिक समाज, संस्थाओं, मीडिया, विभिन्न एजेंसियों, संगठनों एवं समूहों का सहयोग लेने का भी निदेश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुरूप मतदाताओं के बीच निर्वाचन प्रक्रिया विशेषकर निर्वाचक सूची में नाम होने एवं मतदान करने के संबंध में जानकारी प्रदान करने तथा उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त सार्वभौम वयस्क मताधिकार के प्रयोग हेतु जागरूक करने का कार्य वृहत स्तर पर एवं तेजी से किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे युवा मतदाताओं तथा महिला निर्वाचकों की चुनाव में भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस बार के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में 18 से 19 साल के नए मतदाताओं की संख्या में लगभग 11 गुणा की वृद्धि हुई है। महिला मतदाताओं की संख्या में भी 55,726 की वृद्धि हुई है

# तेजस्वी के जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम का विस्तार

## 28 फरवरी के बदले 29 फरवरी को पूरी होगी यात्रा का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम संशोधित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम का विस्तार हुआ है। अब यह यात्रा 28 फरवरी के बदले 29 फरवरी को पूरी होगी। उक्त जानकारी देते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि यात्रा के प्रति लोगों के जबरदस्त उत्साह और भागीदारी को देखते हुए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को संशोधित किया गया है। इस यात्रा के शेड्यूल में एक दिन की और वृद्धि की गई है। अब यह यात्रा 28 फरवरी के बदले 29 फरवरी को पुरी होगी। गगन ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार तेजस्वी को 26 फरवरी को बांका में रात्रि विश्राम करना था। पर अब संशोधित कार्यक्रम के अनुसार वे 26 फरवरी को कटिहार में हीं रात्रि विश्राम करेंगे और 27 फरवरी को कटिहार से हीं आगे की यात्रा शुरू करेंगे।27 फरवरी को कटिहार, कोढ़ा, कुसेर्ला, नवगछिया, भागलपुर,रजौन, बांका, इंग्लिश मोड़, अमरपुर, असरगंज मोड़, संग्रामपुर मोड़, जमुई, लखीसराय,सूर्यगढा होते हुए रात्रि विश्राम मुंगेर में करेंगे। 28 फरवरी को मुंगेर से यात्रा प्रारम्भ कर भगत सिंह चौक, श्रीकृष्ण सेतु, खगड़िया बस स्टैंड, महेशखूंट,करुआ मोड़,पतरघट होते हुए मधेपुरा में रात्रि विश्राम करेंगे।

अगले दिन 29 फरवरी को मधेपुरा से यात्रा की शुरूआत कर वैजनाथपुर, सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, सोनबरसा, मानसी, साहेबपुरकमाल, बलिया, बेगुसराय, बरौनी जिरोमाईल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, फतुहां होते हुए पटना वापस लौट जाएंगे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इस यात्रा में स्वस्फूर्त ढंग से जिस प्रकार सभी वर्गों, समुदायों और सभी आयु वर्गों विशेषकर युवाओं और महिलाओं की भागीदारी जिस बड़ी संख्या में हो रही है और निर्धारित समय से सात - सात घंटे बिलम्ब से पहुंचने के बाद भी दो-दो बजे रात तक लोग तेजस्वी जी को अपना आशीर्वाद और प्यार देने के लिए सड़क किनारे प्रतिक्षा कर रहे हैं। इससे भाजपा जबरदस्त रुप से बेचैन हो गई है। तेजस्वी जी ने राजनीति का एजेंडा हीं बदल दिया है। उन्होंने नकारात्मक राजनीति से अलग हटकर नौकरी, रोजगार, अस्पताल, शिक्षा जैसे आम लोगों से जुड़े हुए बुनियादी आवश्यकताओं के साथ हीं विकास और विश्वास को राजनीतिक विमर्श के एजेंडे को लोगों के बीच ले जाने का काम किया है। राजद प्रवक्ता ने बताया कि 20 फरवरी से जन विश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी अबतक राज्य के 26 जिलों में 2100 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा पुरी कर चुके हैं ।

# समाज को आइना दिखाने वाले साहित्यकार थे रेणु: जदयू

## फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती मनाने के लिए हुई पूर्व मंत्री के घर बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी 4 मार्च को फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती मनाने के लिए आज पूर्व मंत्री व विधायक दामोदर राउत के आवास पर एक बड़ी बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन, अखिल भारतीय धानुक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद समेत दर्जनों लोग सम्मिलित हुए। इस मौके पर पूर्व मंत्री दामोदर राउत ने कहा कि फणीश्वर नाथ रेणु कोई जनता के अपने कथाकार थें। अपनी रचनाओं के माध्यम से वह न केवल सिस्टम की खामियों को उजागर करते थे बल्कि उससे जनसामान्य को होने वाली पीड़ा और समस्याओं का भी वर्णन होता था। अधिकांश साहित्यकारों की रचनाएँ जहां शहरी विकास तक केन्द्रित रहती थीं वहीं रेणु जी साहित्य सुधियों को ग्रामीण क्षेत्रों के दबे-कुचले वर्ग के उत्थान के लिए प्रेरित करते रहे। आगामी 4 मार्च को उनकी जयंती है, जिसे पूरे उत्साह से मनाना हम सभी का कर्तव्य और दायित्व है। ऐसे आयोजनों से ही युवा पीढ़ी को रेणु जैसे महामानव के व्यक्तित्व व कृतित्व की जानकारी मिलती है। गरीबों-पिछड़ों की समस्याओं को उठाने में रेणु के योगदान को बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि रेणु जी की रचनाओं में न तो भारी भरकम शब्दों के जरिये विद्वता का दिखावा होता था न ही उनके नायक फिल्मी पर्दे पर आने वाले हीरो जैसे होते हैं। सरल लेखनी व आंचलिक शब्दों को पिरो कर बनी उनकी कहानियां, पढ़ने वालों को उनके आस-पास घटित होने वाली घटनाओं का एहसास दिलाती थी। लोकगीत, लोकोक्ति, लोक संस्कृति, लोक भाषा और लोक नायक उनके कथा संसार के प्रमुख अंग हैं। यह उनकी लेखनी का ही कमाल है कि मैला आंचल के पात्र बलदेव, कालीचरण, डाक्टर साहब, तहसीलदार साहब आदि पढने वालों को अपने आस-पडोस के लोगों जैसा ही प्रतीत होते हैं। सभी से इस इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि रेणु जी ने अपनी कहानियों में हमेशा उन मुद्दों को जगह दी, जिन पर चर्चा और काम किये बगैर ग्रामीण भारत सशक्त नहीं बन सकता। आज भी उनमें से कई विषयों का काम करना काफी आवश्यक है। इसलिए हम सभी को इस जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए तन-मन से जुट जाना चाहिए।

# जनविकास यात्रा लोगों को धोखा देने के लिए : रालोजपा

पटना। राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के जनविश्वास यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विश्वास यात्रा से राजद का भला होनवाला नही है जो नेता अपना विश्वास खो चुकी है, उनका विश्वास अब बिहार की जनता करनेवाला नही है। आगे ललन ने बताया कि पहले माई समीकरण का नारा देकर मुस्लिमों को डराकर 15 साल सत्ता पर काबिज रहे तथा माई के बाद बाप समीकरण बनाकर बिहार के जनता को दोबारा मुर्ख नही बना सकते हैं। बिहार की जनता पूरी तरह से समझ चुकी है। लोगों का नारा से पेट नहीं भरता है। बिहार की जनता रोजी रोटी रोजगार शिक्षा चाहती है आपके पास झूठी दलील के शिवाय कुछ नहीं है। आगे चन्द्रवंशी ने कहा कि पार्टी जनसभा से नही पार्टी चलाने के लिए लोगों का विश्वास के अलावे संगठन विचार और व्यवहार की जरूरत है जो राजद के पास नही है। बिहार की जनता 15 साल तक विश्वास किया लेकिन आपने जनता को धोखा दिया बिहार की जनता दोबारा राजद पर विश्वास नही कर सकती है। आगे चन्द्रवंशी ने कहा कि काठ की हांडी चूल्हा पर एक बार ही चढ़ती है दोबारा नही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की राह पकड़ ली जिसे राजद के नेता नही रोक सकते हैं।

# लोगों को झूठा भरोसा दिलाने निकले हैं तेजस्वी : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार को विकास के नाम पर पिछड़ेपन की ओर ढकेलने वाले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव आज लोगों को विकास और रोजगार के नाम पर झूठा सब्जबाग दिखा रहे हैं। राज्य के लोग बखूबी जानते हैं कि तेजस्वी यादव के परिवार ने सालों तक बिहार पर शासन किया लेकिन राज्य की बेहतरी के बदले उसे गर्त में ढकेल दिया। ये बातें जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने कही। उन्होंने कहा कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही सोच का परिणाम है कि आज बिहार के लाखों नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चय पार्ट दो के चलते ही राज्य के अलग-अलग विभागों में हजारों भर्तियां निकल रही हैं और युवाओं को रोजगार मिल रहा है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने राज्य के 10 लाख युवाओं को नौकरी और 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही और अपने कहे के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार युवाओं के हाथों में रोजगार दे रहे हैं। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने कहा कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को यह नहीं भूलना चाहिए कि साल 2010 के विधानसभा चुनाव में महज 22 सीटें पाने वाले आरजेडी का एक तरह से राजनीतिक तौर पर खात्मा हो गया था, लेकिन जेडीयू के साथ आने के चलते ही साल 2015 में एक बार फिर से आरजेडी का राजनीतिक पुनर्जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग लालू यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल को आजतक नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि लोगों से झूठ बोलकर भीड़ जुटाने वाले आरजेडी नेताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य के लोग उनके झूठ को बखूबी पहचानते हैं और आने वाले चुनाव में वो उनका करारा जवाब देंगे।

# तेजस्वी ने बिहार का व्याकरण बदल दिया : मनोज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राज्य में बदलाव के मिल रहे संकेत

राजद कोटे के राजसभा सांसद मनोज झा ने तेजस्वी यादव की यात्रा की सराहना करते हुए उन्हें बिहार का व्याकरण बदलने वाला बताया है। मनोज झा ने कहा कि, तेजस्वी यादव के साथ वह जनविश्वास यात्रा पर 20 फरवरी से ही हैं। तेजस्वी जिस भी जिले में जा रहे हैं। वहां उन्हें लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि तेजस्वी ने अब तक 22 जिलों को कवर कर चुके हैं। उन्होंने अपने पहले चरण की यात्रा में जनसभा को संबोधित किया। वहीं 3 मार्च को पटना में होने वाली रैली को देखते हुए दूसरे चरण में रोड शो करने का फैसला लिया गया है। मनोज झा ने कहा कि इस यात्रा में ना सिर्फ राजद के पारंपरिक वोटर्स का स्पोर्ट मिल रहा है बल्कि बड़े संख्या में महिला,युवा और बुजुर्गों का भी साथ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि, आधी रात में भी महिलाएं तेजस्वी यादव की समर्थन में खड़ी थी। जनता को अब तेजस्वी यादव पर भरोसा है। वह जानते हैं कि राज्य में नौकरी, रोजगार, बेहतर शिक्षा मतलब तेजस्वी हैं। उन्होंने कहा कि, बिहार की जनता को अब मंदिर, मजिस्द से मतलह नहीं है। यह उनकी व्यक्तिगत आस्था है। जनता को नौकरी और रोजगार से मतलब है। मनोज झा ने कहा कि, तेजस्वी यादव ने बिहार का व्याकरण बदल दिया है। यहां लोग अब धर्म की नहीं बल्कि विकास की बात करना चाहते हैं। यहां नौकरी मतलब तेजस्वी, भरोसा मतलब तेजस्वी और बेहतर अस्पताल का मतलब तेजस्वी हैं। तेजस्वी राज्य में आशा, आंगनबाड़ी, ममता, रसोइया के मानदेय बढ़ोतरी की बात कर रहे हैं। तेजस्वी की भाषा और काम में जो बदलाव आया है, वह लोकतंत्र और बिहार के लिए उचित है। लोकसभा और विधानसभा में इसका सकारात्मक परिमाण मिलेगा।

# गजल गायक पंकज उधास के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता

- डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने जताया दुख

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पद्मश्री पंकज उधास के निधन पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से मन स्तब्ध और मर्माहत है। पंकज उधास जी ने अपनी गायिकी से गजल को एक अलग मुकाम पर पहुंचाया।उनकी मखमली, रेशमी और सुमधुर आवाज वर्षों तक श्रोताओं के कानों में गूंजती रहेगी। उनके निधन से संगीत और कला जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों तथा उनके प्रशंसकों को दारुण दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने मशहूर गजल गायक पंकज उदास के निधन पर दुख व्यक्त किया

लालू प्रसाद,राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव ने जतया शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी , पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉक्टर मीसा भारती , राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार झा,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद संजय यादव , प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू,प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने गजल गायक पंकज उधास के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। और नेताओं ने कहा कि इनके निधन से गजल गायकी के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। इनकी कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी।

पूर्व मंत्री ने दी जताया शोक

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने देश के मशहूर गजल गायक पंकज उधास के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि उनके चले जाने से संगीत जगत में एक अजीब सा सूनापन आ गया है। जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। उनकी गायकी में अलग-अलग अंदाज होते थे और उनकी गजलें सीधे दिलों को छू जाती थीं। उनके आवाज में अजीब सी मिठास व जादू थी जो हर उम्र के लोगों को अपना मुरीद बना लेते थें। वह भारतीय संगीत के एक प्रकाश स्तंभ थे, जिनकी गायकी व धुनें कई पीढ़ियों ने सुनी और उन्हें अपना आदर्श मानती रही। मैं यही दुआ करता हूं कि उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में ईश्वर शक्ति प्रदान करें।

# महागठबंधन आहूत महारैली को लेकर माले ने झोंकी ताकत : कुणाल

## प्रचार हुआ तेज,सभी प्रमुख नेताओं ने जिलों में किया कैंप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



महागठबंधन के आह्वान पर पटना के गांधी मैदान में आहूत 3 मार्च की संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ जन विश्वास महारैली को ऐतिहासिक बनाने के संकल्प के साथ भाकपा-माले ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उक्त बातें माले के राज्य सचिव कुणल ने कही। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में जन संवाद यात्रायें व नुक्कड़ सभाएं चल रही हैं और 2024 के चुनाव में देश की गद्दी से भाजपा को हटाने के संकल्प के साथ आम लोगों को रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। महारैली की सफलता के लिए माले के सभी प्रमुख नेताओं ने जिलों में कैंप कर रखा है। बैठक का दौर जारी है। माले पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेन्द्र झा, सिवान, का. राजाराम सिंह काराकाट, का. अमर पाटलिपुत्र , का. महबूब आलम कटिहार आदि क्षेत्रों में कार्यकताओं की लगातार बैठक कर रहे हैं। कार्यकर्ता बैठक और जनसंवाद यात्रा में भाजपा की साजिश के तहत हत्या के झूठे मुकदमे में फंसाए गए माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23-23 साथियों को आजीवन कारावास की सजा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। रैली के लिए भाकपा-माले ने कुछ नारे दिए हैं - बिहार की जनता लड़ेगी-तानाशाही हारेगी, भाजपा हटाओ-देश बचाओ, देश के धर्मनिपरेक्ष ढांचे पर हमला नहीं सहेंगे, जो मजदूर-किसान की बात करेगा-वही देश पर राज करेगा आदि। उन्होंने बताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के रोड शो में भी भाकपा-माले कार्यकर्ता व्यापक पैमाने पर शामिल हो रहे हैं। इस बीच पटना में रैली के प्रचार व व्यवस्था संबंधी पहलुओं को लेकर माले नेताओं की बैठक भी हुई। 29 फरवरी से 2 मार्च तक पटना शहर में सघन नुक्कड़ सभाओं का आयोजन होगा। सांस्कृतिक टीम के साथ माले नेता शहर के विभिन्न इलाकों में प्रचार करेंगे और तमाम न्यायपसंद नागरिकों से 3 मार्च की रैली में व्यापक पैमाने पर शामिल होने की अपील करेंगे।

# संविधान और लोकतन्त्र की रक्षा करना है : दीपंकर

- ग्रामीण कार्य विभाग कर्मचारी संघ, गोप गुट का दसवां सम्मेलन जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार राज्य ग्रामीण कार्य विभाग कर्मचारी संघ गोप गुट का दसवां राज्य सम्मेलन सोमवार को पुनाईचक स्थित महासंघ गोप गुट कार्यालय में आयोजित हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने किया। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद सैंकड़ों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए देश में किसानों- मजदूरों, पुरानी पेंशन के अधिकार के लिए रेलवे से लेकर देशभर के कर्मचारियों का जारी संघर्ष व रोजगार के लिए लड़ते बेरोजगार नौजवानों के आंदोलन के मुद्दे को आगामी चुनाव का मुद्दा बनाने का कर्मचारियों से आह्वान किया। उन्होंने इन मुद्दों को राष्ट्र निर्माण का मुद्दा बताते हुए मोदी सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी राज में निजीकरण, असंवैधानिक इलेक्टोरल बांड, नई पेंशन स्कीम , शिक्षा नीति ,लोकल ट्रेनों को बन्द कर एक्सप्रेस ट्रेन के नाम पर टिकट रेट को कई गुना बढाने, शिक्षा व्यवस्था को चौपट बनाने, किसानों को एमएसपी का अधिकार नहीं देने को लूट का एजेंडा बताया। उन्होंने कहा कि संविधान में राजनीतिक - आर्थिक और जिस सामाजिक बराबरी की बात कही गयी है वो इन्हीं मुद्दे से बनता है । उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आर्थिक-राजनीतिक और जिस सामाजिक बराबरी के मुद्दे को अंबेडकर ने संविधान में रेखाँकित किया और गैरबराबरी के खिलाफ शिक्षित बनो,संगठित हो और संघर्ष करो का आह्वान किया,आज अम्बेडकर के इसी आह्वान के तहत मोदी राज में जारी आर्थिक व अधिकारों की लूट के खिलाफ गरीबों,मजदूरों, किसानों , कर्मचारियों , बेरोजगारों के व्यापक एकता के बल पर संघर्ष खड़ा कर चुनाव व देश का मुद्दा बना संविधान और लोकतन्त्र की रक्षा करना है । उन्होंने बिहार के कर्मचारी आंदोलन के दिवंगत क्रांतिकारी कर्मचारी नेता योगेश्वर गोप के साथ किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए योगेश्वर गोप सहित महासंघ (गोप गुट),ऐक्टू के दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दिया और बिहार में सरकारी कर्मचारियों सहित संविदा,स्कीम वर्करों के अधिकारों के लिए व्यापक एकता बनाने का आह्वान किया। संघ के नेता लवकुश सिंह, अशोक कुमार सिंह व अजय कुमार सिंह की तीन सदस्यीय अध्यक्षमण्डल व राज्य महासचिव सूर्यवंशी सिंह के संचालन में सम्मेलन का विधिवत शुरूआत हुआ। सम्मेलन के मुख्य वक्ता बीएसएनएल के राष्ट्रीय नेता चन्द्रशेखर सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी सरकार को अडानी-अंबानी के हितों की रक्षा करने वाली सरकार बताया । सम्मेलन को महासंघ (गोप गुट) के सम्मानित अध्यक्ष रामबली प्रसाद, ऐक्टू राज्य महासचिव आरएन ठाकुर, आशा व स्कीम वर्कर्स नेता शशि यादव, महासंघ ( गोप गुट)के मुख्य संरक्षक महेंद्र राय, सलाहकार माधव प्रसाद सिंह, सम्मानित अध्यक्ष रामसागर यादव, सलाहकार शत्रुध्न प्रसाद सिंह ,चन्द्र किशोर प्रसाद, आदि नेताओं ने भी मुख्य रूप से संबोधित किया।

# संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों का प्रतिवाद मार्च

## किसान संगठनो ने डब्लूटी ओ के खिलाफ की नारेबाजी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



संयुक्त किसान मोर्चा के देश व्यापी आह्वाहन पर पटना के जीपीओ गोलंबर पर संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों के नेतृत्व में सैंकड़ों किसान जमा हुए और वहां से डब्लूटी ओ के पुतला लिए हुए प्रतिवाद मार्च निकाला। इस दौरान किसान संगठनों ने डब्लू टी ओ के खिलाफ नारेबजाजी की। मौके पर एक छोटी सभा हुई जिसकी अध्यक्षता किसान महासभा के राज्य सचिव कॉमरेड उमेश सिंह ने किया और संचालन ए आई के एस (जमाल रोड) के संयुक्त सचिव कॉमरेड सोनेलाल प्रसाद ने किया। उक्त जानकारी देते हुए राज्य सचिव उमेश सिंह ने दी। बताया कि सभा में वक्ताओं ने कहा कि किसानो और मजदूरों को तबाह करने वाली संस्था डब्लू टी ओ का आबू धावी में 13 वा बैठक हो रहा है इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा आज देश भर में प्रतिवाद मार्च आयोजित कर डब्लू टी ओ का पुतला दहन कर रहे हैं। वक्ताओं का कहना था कि कृषि व्यापार को डब्लू टी ओ के दायरे से बाहर करना होगा क्योंकि दुनियां के खाद्य सुरक्षा के लिए यह बेहद जरूरी है चुकी दुनियां में और भारत में खाद्य सुरक्षा डब्लू टी ओ के नीतियों के कारण ही बढ़ा है। वक्ताओं का कहना था कि डब्लू टी ओ के कृषि संबंधी पीस क्लॉज को स्थाई करना होगा, इसके न होने से एम एस पी पर फसलों की खरीद और अपने नागरिकों के भोजन के अधिकार की रक्षा के सरकारों के दायित्व पर रोक लगाती है। यही नहीं मछुआरों, डेयरी व कुक्कट पालन से जुड़े लोगों को अपनी आजीविका को टिकाने के लिए सब्सिडी के प्रावधान पर भी रोक लगाने की बात डब्लू टी ओ करता है ।वक्ताओं ने कहा कि कारपोरेटीकरण और निजीकरण डब्लू टी ओ की ही नीति है जिससे भारत में सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र और प्राकृतिक संशाधनों की कारपोरेट लूट से देश में बढ़ रहे आजीविका संकट के लिए भी यही जिम्मेवार है ।इसलिए भारत को डब्लू टी ओ से बाहर आए बगैर देश के किसानो मजदूरों का कल्याण संभव नहीं है और न ही वे संकट से बाहर निकल पाएंगे ।इसलिए भारत को हर हाल में डब्लू टी ओ से बाहर आना ही होगा अन्यथा किसानो के कोपभाजन का शिकार सरकारें होंगी ही । सभा को अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सह सचिव कॉमरेड राजेंद्र पटेल, के डी यादव, किसान सभा जमाल रोड के शिव कुमार विधार्थी, ए आई के के एम एस के इंद्रदेव राय, के के यू के मनोज कुमार , किसान मजदूर नौजवान मोर्चा के कल्लू सिंह , जय किसान आंदोलन के ऋषि आनंद ,समर्थन करने आए सीटू नेता गणेश शंकर सिंह,ए आई यू टी यू सी के सूर्यकर जितेंद्र ने संबोधित किया।

# 21 मरीजों का निशुल्क हुआ मोतियाबिंद का ऑपरेशन



पटना। अग्रसेन सेवा न्यास के स्वास्थ्य जांच शिविर में चयनित 21 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। यह जानकारी देते हुए शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में चयनित मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाया जाता है। मौके पर राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ मोहनका ने बताया कि मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन के लिए श्री बालाजी नेत्रालय में अत्याधुनिक मशीन लगवाया गया है। मौके पर इस मशीन का उद्घाटन आचार्य श्री चंद्रभूषण मिश्र ने किया। डॉ मोहनका ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में गरीब मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन इसी अत्याधुनिक मशीन से किया जाएगा। डॉ मोहनका ने बताया कि इस अत्याधुनिक फारोस मशीन से किसी भी तरह के मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जा सकता है और कठोर से कठोर मोतियाबिंद को मशीन से काटा जा सकता है। इससे ऑपरेशन बहुत जल्द सम्पन्न हो जाता है। डॉ मोहनका के कहा कि आई ओ एल मास्टर मशीन से लेंस का पॉवर काफी सटीक और एक्यूरेट आता है। मरीज को इस मशीन से लेंस लगाने के बाद चश्मे की जरूरत नहीं पड़ेगी। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर अमर अग्रवाल, रितेश तुलस्यान, ललन लाठ, अनिल गुप्ता, बरखा मोहनका, सावल राम ड्रोलिया सहित अन्य थे।

## वीर सावरकर की 58वी पुण्य तिथि मनाई गई

पटना। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के कार्यालय में सावरकर की 58 वी पूण्य तिथि मनाई गई।इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि सावरकर एक ऐसे महान क्रांतिकारी थे जिनका नाम इतिहास के पन्नों से मिटा दिया गया। जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के द्वारा इतनी यातनाएं झेलीं की उसके बारे में कल्पना करके ही इस देश के करोड़ों भारत माँ के कायर पुत्रों में सिहरन पैदा हो जायेगी। जिनका नाम लेने मात्र से आज भी हमारे देश के राजनेता भयभीत होते हैं क्योंकि उन्होंने माँ भारती की निस्वार्थ सेवा की थी। वो थे हमारे परमवीर सावरकरे वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी देशभक्त थे जिन्होंने 1901 में ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया की मृत्यु पर नासिक में शोक सभा का विरोध किया और कहा कि वो हमारे शत्रु देश की रानी थी, हम शोक क्यूँ करें ?उन्हों ने पुच्छा था क्या किसी भारतीय महापुरुष के निधन पर ब्रिटेन में शोक सभा हुई है ? महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया।

# लोजपा रा के नेता निधन पर चिराग ने जताया शोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोजपा (रामविलास) के रोहतास जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के अचानक मृत्यु पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने गहरा शोक व्यक्त किया है और कहा है कि उनके परिजनों को इस दुख के घड़ी में धैर्य, साहस और हिम्मत ईश्वर प्रदान करें। आगे श्री चिराग ने कहा है कि इस दुख के घड़ी में मैं और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का हर कार्यकर्ता शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ी है। विनोद कुमार सिंह का जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने प्रदेश उपाध्यक्ष और रोहतास जिला के प्रभारी विष्णु पासवान और कोषाध्यक्ष सुरेंद्र विवेक को पार्टी की ओर से अधिकृत कर उनके दाह संस्कार में शामिल होने के लिए रोहतास भेजा है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने बताया कि उनके निधन पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डा सत्यानंद शर्मा,शाहनवाज अहमद कैफी,प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, युवा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल पासवान,प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडे, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे , प्रवक्ता अनुपम पासवान, दिनेश पासवान,दिलीप यादव, युवा पटना महानगर अध्यक्ष कुंदन सिंह यादव, अमरदीप जायसवाल, ओमप्रकाश भारती, अजय कुमार, सुरेश पासवान ,मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने शोक व्यक्त किया।

# भारतीय राष्ट्रबोध विश्वबंधुत्व का पोषक है : कुलपति



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय राष्ट्रबोध विश्वबंधुत्व का पोषक है।हम जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी में विश्वास करते हैं और दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश भी देते हैं। हमारी संस्कृति में न केवल सभी मनुष्यों, वरन् संपूर्ण चराचर जगत के कल्याण की कामना की गई है। यह बात पटना विश्वविद्यालय, पटना एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. के सी सिन्हा ने कही। वे सोमवार को 20वें प्रो.(डॉ) विजयश्री स्मृति व्याख्यानमाला में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग टीपीएस कॉलेज में भारत विकास परिषद् एवं विकलांग न्यास के सेवा एवं संस्कार प्रकोष्ठ, पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रो. सिन्हा ने कहा कि भारत की हजारों वर्षों की गौरवशाली यात्रा है। हमारे यहां विभिन्नता में एकता है और तमाम झंझावातों के बावजूद हमारे अंदर राष्ट्रबोध कायम है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना चुका है और अमृत काल के पच्चीस वर्षों में हमने देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। विषय प्रवेश करते हुए पद्मश्री श्री विमल जैन ने देश में अमृतकाल और राष्ट्रबोध पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने ह्यआइडिया ऑफ भारत की चर्चा की और पाठ्यक्रम में धर्म के सकारात्मक भूमिका निर्धारित करने की जरूरत बताई। मुख्य वक्ता मनोज कुमार विमल ने अपने संबोधन में राष्ट्रबोध की चेतना और भारत के समृद्ध विरासत की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से एक राष्ट्र है। हमारा राष्ट्रबोध वैदिक काल से लेकर आज तक कायम है। अखौरी महेश्वर प्रसाद ने राष्ट्रबोध की चर्चा करते हुए राष्ट्रीयता के विभिन्न विचारधाराओं पर प्रकाश डाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह विधान पार्षद संजय पासवान ने रामराज्य की अवधारणा को अपनाने की बात की और उसे राष्ट्रबोध के लक्ष्य के रूप में स्वीकार करने की बात की। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मुजफ्फरपुर के सचिव स्वामी भावात्मानंद जी ने प्रो. विजयश्री से उनके आध्यात्मिक संबंधों की चर्चा की। भारतीय राष्ट्रवाद विश्व मानवता का पोषक है। हमारे राष्ट्रवाद का आदर्श वसुधैव कुटुंबकम् है। उन्होंने कहा कि भारत में विविधताओं के बीच भी एकत्व का भाव कायम है। इसी भाव के कारण तमाम झंझावातों के बावजूद बचा हुआ है। अयोजन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों ने स्वर्गीय प्रो. विजयश्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दिगम्बर जैन मुनि 108 श्री जय कीर्ति महाराज पटना पधारे



पटना। दिगम्बर जैन मुनि 108 श्री जय कीर्ति जी महाराज झारखण्ड के पारसनाथ से पद विहार करते हुए सेठ सुदर्शन स्वामी की मोक्ष स्थली कमलदह जी सिद्ध क्षेत्र गुलजारबाग,पटना में मंगल प्रवेश किया। यहां मुनि महाराज ने कहा कि मैं श्री सुदर्शन मुनिराज को नमस्कार करता हूं जो कर्मो को नाश कर सिद्ध हो चुके हैं। जिनके अचल ब्रह्मचर्य को तोड़ने के लिए अनेक प्रकार के उपद्रव किये गए तब भी इन्हें किसी प्रकार की घबराहट नही हुई तथा ये निश्चल बने रहे। मुनि महाराज पारसनाथ से पटना आने के रास्ते मे राजगीर, पावापुर, कुंडलपुर सहित अन्य दिगम्बर जैन मंदिर में दर्शन किये। मुनि महाराज पटना में दो दिनों के आवास के क्रम में मीठापुर जैन मंदिर में भी एक दिन का प्रवास करेंगे। मुनि महाराज बदरीनाथ जाने के रास्ते मे पटना से आरा, वाराणसी, प्रयागराज सहित अन्य जैन मंदिरों के दर्शन करते हुए जाएंगे। एम पी जैन ने बताया कि मुनि महाराज के मंगल प्रवेश पर उनके साथ मीठापुर जैन दिगम्बर जैन समाज के बिजय जैन कासलीवाल, रितेश पंड्या जैन, संदीप जैन सहित अन्य थे।

# जन विश्वास यात्रा में तेजस्वी यादव का ढोल नगाड़े पुष्प बार्षा कर मधुबनी में कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले में जन विश्वास रोड यात्रा के तहत नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव दरभंगा से मधुबनी जिले के सकरी पहुंचे जहां राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव,राजसभा सांसद डॉ. फैयाज अहमद,पूर्व मंत्री समीर कुमार महासेठ,पूर्व विधायक उमाकांत यादव,सीताराम यादव, रामावतार पासवान,पूर्व सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा,डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान,भाकपा माले के जिला सचिव धुर्वनारायण कर्ण,सीपीआई के मिथिलेश झा, माकपा के मनोज यादव,फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला सचिव अनिल कुमार सिंह,रामकुमार यादव,रामबहादुर यादव,जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय,मिंटू सहजादा,रहिका कॉपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष ब्रम्हानंद यादव, मेराज आलम,रुदल यादव,महेश प्रसाद मंडल,प्रदीप प्रभाकर, फुलहसन अंसारी,नारायण महतो ने स्वागत के साथ सकरी से मधुबनी के लिए आगवानी किया सकरी से मधुबनी आने के क्रम में पंडौल में युवा राजद के जिला अध्यक्ष इंद्रभूषण यादव, पवन यादव प्रखंड अध्यक्ष जीबछ यादव सहित राजद के सकड़ो कार्यकर्ताओ ने बैंड - बाजे तथा ढोल नगाड़ो से अपने नेता का भव्य स्वागत किया। वही मधुबनी मेडिकल कॉलेज के पास सहुआ में युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार आलोक,संजीव कुमार यादव, श्रवन यादव के द्वारा अपने नेता के स्वागत में ढोल नगाड़े एवं जेसीबी से फुल बरसाया गया मधुबनी परिसदन के पास जिला राजद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित युवा राजद के राष्ट्रीय सचिव संतोष यादव,महिला जिला अध्यक्ष रेणु यादव,पूर्व महिला जिला अध्यक्ष सह वरिष्ठ राजद नेत्री वीना देवी,आसिफ अहमद, अमरेंद्र कुमार चौरसिया,सहित राजद के सकड़ों नेता और कार्यकर्ताओ के द्वारा स्वागत किया गया,जन विश्वास यात्रा के क्रम में तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला।

तेजस्वी यादव ने कहा कि आपने जो भरोसा और प्यार राजद पर जताया था, उसके आभारी हूं। हम आपका विश्वास लेने आये हैं ।उन्होंने कहा कि आज से यह लड़ाई छिड़ गई है। हम आपकी लड़ाई लड़ने आये हैं। तेजस्वी यादव आपके लिए मर मिटने को तैयार रहेगा।हमें नया बिहार बनाना है।

तेजस्वी ने नीतीश को पुराने ख्यालात का बताया और कहा कि उनका अब कोई विजन नहीं है और न ही गठबंधन बदलने का कोई रीजन है, बस इधर उधर करना ही काम है। तेजस्वी ने कहा कि हमने जो रोजगार और नौकरी की लकीर खींची है। अब देश में कोई भी नेता हो, कोई भी सरकार हो, अब वो नौकरी की बात करेगी। हमने जो वादा किया था कि मुख्यमंत्री बनेंगे तो 10 लाख नौकरियां देंगे हमने उपमुख्यमंत्री रहते हुए 05 लाख नौकरियां दी है। अगर मुख्यमंत्री बनेंगे तो कितनी नौकरियां देंगे, आप समझ सकते हैं। तेजस्वी ने कहा कि आने वाले समय में आप लोग हमारा हाथ मजबूत कीजिएगा,इससे तेजी से बिहार का विकास होगा। बिहार के युवाओं को रोजगार मिलेगा। अपने संबोधन के दौरान तेजस्वी ने सभी से 03 मार्च को पटना पहुंचने का आग्रह किया। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता राजेंद्र यादव,उमेश यादव, युवा के प्रदेश महासचिव अमरेंद्र कुमार चौरसिया, ओमप्रकाश यादव, महेश प्रसाद मंडल, बीर बहादुर राय, राजेश कुमार सिंह, चंद्र किशोर मंडल, रामचंद्र साह, जय जयराम यादव, जीबच यादव, गुलजार अहमद, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्दुल हई शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष संभू प्रसाद यादव,संजय कुमार यादव, रुदल यादव,प्रखंड अध्यक्ष चंद्रकिशोर मंडल,गंगा प्रसाद चौधरी,जयजय राम यादव, जीबछ यादव,रामचंद्र साह, देवेंद्र यादव, गुलजार अहमद,जक्की अहमद पम्मू,अरुण यादव, रामविलास यादव, राजेश कुमार पासवान, प्रदीप कुमार यादव, श्याम यादव, शिवचंद्र प्रसाद, सुरेंद्र सिंह विजय कुमार झा, संजीव कुमार यादव, अजीतनाथ यादव, संजय चौधरी, विजय कुमार पासवान, मनोज कुमार सिंह,विमल कुमार मंडल,मो. कामिल,गणेश यादव,रमेश यादव, श्रवन यादव, अमित यादव,सचिन,चौधरी, के अलावा काफी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बहादुरपुर विधान सभा क्षेत्र के राजद कार्यकताओं की बैठक हुई

दरभांगा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव सह बहादुरपुर के पूर्व विधायक भोला यादव निर्देश पर उनके भैरोपट्टी आवास पर बहादुरपुर विधान सभा क्षेत्र के कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमे यह तय हुआ की दिनांक 03.मार्च को पटना के गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास महारैली को सफल बनाने हेतु गहन विचार विमर्श किया गया। जिसमे यह तय हुआ कि बहादुरपुर विधान सभा क्षेत्र से लगभग पचास बस, 200 से अधिक चारपहिया वाहन के साथ पटना पहुंचने पर सहमति व्यक्त किया गया। इस बैठक में पूर्व विधायक के सुपुत्र शिवेंदु यादव, जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव, महिला जिला अध्यक्ष याशमीन खातून, महिला महानगर अध्यक्ष स्वाती देव, धोराई यादव, गरतू यादव, भोला सिंह, मंजय यादव, अभिषेक यादव, विनय ठाकुर, शंभू ठाकुर, विनोद यादव, राजकुमार यादव, रामबली यादव, अमित पासवान, भोला पासवान, श्याम यादव, दिनेश यादव, अब्बू हैयात, कृष्णा यादव, प्रमोद यादव, के साथ साथ बहादुर क्षेत्र के सभी पंचायत अध्यक्ष सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता इस बैठक में भाग लिए।

### ससुराल जा रहे अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत

समस्तीपुर खानपुर थानाक्षेत्र के सिरोपट्टी गांव स्थित मसीना कोठी के समीप समस्तीपुर-शिवजीनगर मार्ग में रविवार रात सड़क दुर्घटना में ससुराल जा रहे एक अघेड़ की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मुफ्फसिल थानाक्षेत्र के मोरदिवा पंचायत के रसलपुर पठान वार्ड आठ निवासी स्व रामनारायण सिंह के 54 वर्षीय पुत्र शंभूनारायण सिंह के रूप में हुई। देर स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घटनास्थल पर घायल अवस्था में अधेड़ को तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सदर रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल घटना की जानकारी दी गई। सोमवार सुबह स्थानीय पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मुफ्फसिल थानाक्षेत्र के मोरदिवा पंचायत के रसलपुर पठान वार्ड 08 निवासी 54 वर्षीय पुत्र शंभूनारायण सिंह खेती किसानी करते थे। मृतक शंभूनारायण के पुत्र अरविंद कुमार ने बताया कि खानपुर थानाक्षेत्र के डेकारी में उसका ननिहाल है। रविवार शाम करीब पांच बजे पैदल ही डेकारी में ससुराल जाने के लिए घर से निकले। रात करीब आठ बजे स्थानीय ग्रामीण और पुलिस से दुर्घटना की जानकारी मिली। थानाध्यक्ष मो. फहीम ने बताया कि सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मंदिर परिसर से मोटर चोरी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित महावीर चौक हनुमान मंदिर के प्रांगण से रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने पानी के लिए लगा मोटर चोरी कर लिया। मंदिर के पुजारी सह समाजसेवी रामनारायण राय ने बताया कि इससे पूर्व मंदिर में हनुमान जी की गले से सोने की आधा दर्जन से अधिक चक्की चोरी कर लिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस की गस्ती सही ढंग से नहीं होने के कारण चोरी की घटना का अंजाम दिया जा रहा है।

### विधायक ने किया आरसीसी पुल का शिलान्यास

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के कनौजर पंचायत में छोटी सलाह गांव में विधानसभा के पूर्व उपा अध्यक्ष महेश्वर हजारी ने लाखों रुपए के लागत से बनने वाले आरसीसी पुल का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। वहीं उन्होंने कहा कि विकास के मामले में बिहार भारत के मानचित्र पर आ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पीसीसी सड़क नल जल योजना हरियाली योजना सहित विभिन्न विकास का काम किया है। सभा को मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अनीश कुमार, राज कुमार सिंह, रामदेव महतो, युवा समाजसेवी गौड़ी शंकर राय, सुरेंद्र ठाकुर, पूर्व मुखिया कैलाश सहनी आदि ने संबोधित किया। वहीं इसकी अध्यक्षता मुखिया सुनील पासवान ने किया।

# कृषि को विश्व व्यापार संगठन से बाहर रखने की मांग



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज विभिन्न किसान संगठनों की ओर से कल्याणी चौक पर प्रदर्शन कर डब्ल्यूटीओ छोड़ो दिवस का आयोजन किया गया.। इस अवसर पर डब्ल्यूटीओ एवं केंद्र सरकार का का पूतला दहन किया. गया।किसान नेताओं ने भारत सरकार से डब्ल्यूटीओ से बाहर आने की एवं कृषि को विश्व व्यापार संगठन से बाहर रखने की मांग की। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि एमएसपी,सरकारी खरीद, पीडीएस सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे सब्सिडी वाले खाद्य कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लागू करने पर विश्व व्यापार संगठन को रोका जाए. उल्लेखनीय है कि 26-29 फरवरी 2024 को अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन के हो रहे 13 वें मंत्रीस्तरीय सम्मेलन में संयुक्त किसान मोर्चा ने कृषि को डब्ल्यूटीओ से बाहर रखने के लिए विकसित देशों पर दबाव बनाया जाए.। सार्वजनिक स्टॉक-होल्डिंग का मुद्दा भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, खासकर एमएसपी को सी-2+50% स्तर पर तय करने और सभी किसानों के लिए एमएसपी की वैधानिक गारंटी के लिए किसानों और , मजदूरों के चल रहे देशव्यापी संघर्ष को देखते हुए। वास्तव में भारत में 90% किसान ए-2+एफएल+50% पर आधारित एमएसपी की वर्तमान प्रणाली के दायरे से भी बाहर हैं और गंभीर कृषि संकट और कर्जे. का सामना कर रहे हैं। बीजेपी शासन के दस वर्षों के दौरान बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी और गांवों से शहरों की ओर पलायन ने ग्रामीण इलाकों में संकट और अनिश्चितता की स्थिति पैदा कर दी है। वक्ताओं ने भारत सरकार से अपने किसानों की सुरक्षा और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकारों की दृढ़ता से रक्षा करनी की मांग की। इनके रास्ते में किसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था या समझौते को बाधा बनने की इजाजत नहीं दी जा सकती। वक्ताओं में एआईकेकेएमएस के राज्य अध्यक्ष लालबाबू महतो, काशीनाथ सहनी, विपिन कुमार ठाकुर, एआईयूटीयूसी के मोहम्मद इदरीश, एआईकेएफ के चंद्रमोहन प्रसाद, भूपनारायण सिंह, एआईकेएमकेएस के उदय चौधरी, राजू साह, ओमप्रकाश सिंह, एआईकेएमएस के राज किशोर राम, सुरेश दास कनौजिया, शिवशंकर सिंह, एआईकेएस के मदन प्रसाद, एटक के शंभू शरण ठाकुर एवं मोहम्मद युनूस आदि प्रमुख थे।

# किडजी प्ले स्कूल ने मनाया 10 वां वर्षगांठ



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

किडजी समस्तीपुर ने बड़े धूमधाम से स्थानीय जननायक कपूरी सभागार में अपना दशवा वर्षगाँठ मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर विधिविधान से कार्यक्रम के शुरूआत की। उसके उपरांत किडजी प्ले स्कूल की संचालिका कंचन सिंह ने मिथिला परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि का पाग चादर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में सांसद ने विद्यालय को सफलतापूर्वक दस वर्ष पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कहा कि किडजी एशिया का सबसे बड़ा और चर्चित प्ले स्कूल है। जहां उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान किया जाता है और नौनिहालों के प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से ही उनके उज्वल भविष्य की बुनियाद रखी जाती है। जिसमे समस्तीपुर अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। दो केंद्रों की संचालिका कंचन सिंह को भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए माननीय सांसद ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रमों की जमकर प्रशंसा की। काफी व्यवस्थित कार्यक्रम के लिए पूरी किडजी टीम को बधाई दिया। मौके पर उपस्थित संवेदक चंद्रभूषण सिंह, डॉ विनय, बनारसी ठाकुर, व्यवसायी निलेश कुमार अप्पू, डॉ अमरेन्द्र, मृणाल सिंह, रौशन कुमार, गिरीश नंदन के साथ हजारों की संख्या में अभिवावक व दर्शक मौजूद थे। बच्चों द्वारा सोशल मीडिया की कुरीतियों पर प्रदर्शित ड्रामा ने अत्यधिक सुर्खियां बटोरी। मंच का संचालन समाजसेवी अमित सिंह ने किया

# बीजेपी का लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। भारतीय जनता पार्टी विभूतिपुर पूर्वी मंडल के अध्यक्ष पंडित बाबूसाहेब झा के द्वारा नरहन स्थित निजी परिसर में लाभार्थी संपर्क अभियान मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बूथों पर जाकर केन्द्र सरकार के लाभार्थियों से सम्पर्क कर उन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कराते हुए एक बार पुनः लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु मतदान करने की अपील करने का आग्रह किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य अमन पराशर, विधानसभा विस्तारक राजकिशोर प्रसाद, मंडल महामंत्री उदयप्रकाश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष, विनय कुमार सिंह, ज्ञानमोहन सिंह, सुनीता देवी, शोभा देवी, अंजूल प्रसाद सिंह, हरिनारायण शाह, ब्रह्मदेव बाबा, प्रमोद सिंह, महेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

# पड़ोसी के साथ हुए विवाद व मारपीट में अधेड़ की मौत, चार हिरासत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के लखनपट्टी पंचायत के कसौर गांव में सोमवार की सुबह पड़ोसी के साथ हुई वाद विवाद के बाद हुई मारपीट की घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के ही वार्ड पांच के स्व मंजूर सहनी के पुत्र रामप्रसाद सहनी (55 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि रामप्रसाद सहनी को बोलने में दिक्कत होती थी इस कारण वह इशारों में ही बात किया करते थे। घटना की सूचना के बाद वारिसनगर थाना पुलिस ने शव को जब्त कर परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंप दिया। घटना के संबंध में मृतक राम प्रसाद सहनी के पुत्र सुनील सहनी ने बताया कि रविवार को उनके पड़ोसी के यहां एक मछली बेचने वाला आया हुआ था। जिससे उनके पड़ोसी ने मछली खरीदा था और खरीदे गए मछली के रुपए को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद मछली विक्रेता के द्वारा इसकी सूचना वारिसनगर थाना को दे दी गई थी। सूचना पर गांव में पहुंची पुलिस ने जब रामप्रसाद सहनी से पूछा कि यहां मारपीट की घटना किसके यहां हुई थी तो उन्होंने अपने पड़ोसी का नाम ले लिया और उसके घर की पहचान भी पुलिस को करा दिया। मृतक के पुत्र सुनील सहनी ने बताया कि इस बात को लेकर उन लोगों ने उनके पिता रामप्रसाद सहनी के साथ वाद-विवाद करते हुए लाठी-डंडे व ईंट से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में ले लिया है।

# भाजपा जो वादा किया है वह पत्थर की लकीरें जैसी है:अरूण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भारतीय जनता पार्टी जयनगर द्वारा 11 फरवरी से चल रहे लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत जयनगर भाजपा के कार्यालय में खजौली विधानसभा के जयनगर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं संग एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर ने किया। संचालन नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित खजौली विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि यह कार्यक्रम मार्च तक अनवरत हरेक मुख्य केंद्रों पर चलेगा। बूथ लेबल के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में वैसे लाभुकों के पास जायेंगे जिन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। समस्त लाभार्थियों से मिल भेंटवार्ता कर उनके मोबाइल नंबर से पार्टी के टॉल फ्री नंबर पर मिस्कॉल करना है। साथ ही अपने अपने क्षेत्रों में केंद्र प्रायोजित योजनाऐं की जानकारी हरेक लाभुकों को देनी है। भाजपा विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने कहा कि भाजपा जो वादा किया है वह पत्थर की लकीरें जैसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर गारंटी पूरी हुई है और आगे भी पूरी होगी। भारतवर्ष को विकसित एवं विश्व गुरु बनाने के लिए एक बार पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में जनता चुनेगी। क्योंकि आगामी लोकसभा चुनाव भारतवर्ष का भविष्य तय करने वाला है। विधायक ने कहा विश्वास वो ताकत है जिससे संसार की बड़ी से बड़ी चुनौती को भी पार किया जा सकता है। और भाजपा कार्यकर्ता मिलकर मोदी सरकार की विकासशील गारंटी वाले लक्ष्य के बदौलत इस बार 400 पार करेंगे। कार्यशाला में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर, नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, प्रांतीय युवा नेता धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा, ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष गोपाल पूर्वे, अमरेश झा, किषुनदेव सहनी, निलेश सिंह, विकासचंद्रा, रामकुमार सिंह, अजय पूर्वे, अनिल जायसवाल, प्रमिला पूर्वे, सुर्यनाथ महासेठ, धीरेंद्र झा, रामजी गुप्ता, गोपाल पूर्वे, सुमित कर्ण, मोतीलाल यादव, शंभु महतो, अमित अमन, हीरा ठाकुर, राजकुमार साह, नागेश्वर सिंह, रामकुमार शर्मा, देवचन्द्र देवर्षि, कमल साहु, राम ललित शर्मा, पुतुल झा, प्रदीप साह, विजय सिंह, मानगीर दास, योगेन्द्र साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रधान डाकघर में कार्यरत होमगार्ड जवान की ड्यूटी के दौरान बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रधान डाकघर में कार्यरत एक होमगार्ड जवान की बीते शुक्रवार की रात ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी। रविवार को इलाज के दौरान शहर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक होमगार्ड जवान की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के रामपुर जलालपुर वार्ड 19 निवासी राम सुरेश चौधरी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस के द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं इसकी सूचना मिलने पर पहुंचे होमगार्ड जवानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिजनों के अनुसार बताया गया कि राम सुरेश चौधरी लगभग 4 महीनों से प्रधान डाकघर में कार्यरत थे। रविवार को ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ जाने पर उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजनों के द्वारा उनका शहर के ही एक निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था। जहां रविवार की दोपहर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# एसएसबी ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेन्ट के निदेर्शानुसार मधुबनी जिले में अवस्थित 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बाह्य सीमा चौकी उसराही एवं पिपरौन में गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाए जा रहे 30-30 सीमावर्ती जरूरतमंद एवं बेरोजगार युवाओं हेतू 28 दिवसीय मशरूम की खेती एवं मोबाइल रिपेयरिंग पर व्यावसायिक प्रशिक्षणों का समापन समारोह आयोजित किया गया ।दोनों नागरिक कल्याण कार्यक्रमों के तहत 60 सीमावर्ती युवाओं को स्वरोजगार हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाया गया । इन प्रशिक्षणों का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवाओ एवं पुरुषों में स्वयं रोजगार को बढ़ावा देना है ताकि प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वयं रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान चन्द्र शेखर द्वितीय कमान अधिकारी 48 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर महोदमनीष देवानंद सहायक कमांडेंट निरीक्षक करनैल चंद समवाय प्रभारी पिपरौन, निरीक्षक लोकेन्द्र कुमार समवाय प्रभारी कमला एवं दोनों संस्थानो के डायरेक्टर भी उपस्थित रहे क्कार्यक्रम के अंत में चन्द्र शेखर द्वितीय कमान अधिकारी एवं महोद मनीष देवानंद सहायक कमांडेंट द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# भाला बेंगरा गॉव में खुदाई के दौरान शिवलिंग निकल आया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड के भाला बेंगरा गांव में रामजानकी मंदिर परिसर में गोबर की ढेर में अपने आप शिवलिंग निकलने लगा फिर 2 घंटा बाद मंदाही पोखर की सुंदरीकरण को लेकर हो रही खुदाई के दौरानरविवार की सुबह भगवान शंकर की दुर्लभ प्राचीन शिवलिंग मिलने की खबर भाला बेंगरा गॉव केग्रामीणों में आग की तरह फैल गई। उसके बाद गांव के सैकड़ों लोग पोखर पहुंच कर हर हर महादेव के नारा लगाने लगे। चारों तरफ महादेव की जय होने लगा। जानकारी देते हुए उज्जवल कुमार भाला बेंगरा गांव निवासी एवं मंदिर कमेटी के दीपू साफी ने बताया कि मंदिर के साथ साथ गॉव से हटकर तालाब की खुदाई का कार्य भी चल रहा था। मनरेगा के तहत मजदूर के द्वारा खुदाई का कार्य किया जा रहा था। तभी मजदूर ने कहा कि यहां पर कोई बड़ा सा पत्थर है। जो शिवलिंग के रूप का है। मिट्टी लगे होने के कारण उसे बाहर लाकर पानी से धोया गया। शिवलिंग और माता पार्वती की प्रतिमा मिलते ही ग्रामीणों के द्वारा पूजा अर्चना शुरू कर दी। ओम नमः शिवाय से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो गया। बताया कि शिवलिंग की लंबाई लगभग 2 फीट है। फिलहाल यह अतिप्राचीन शिवलिंग की मूर्ति को राम जानकी मंदिर में लाल कपड़े में बांध कर जा अर्चना किया जाएगा ।गॉव में चर्चा का विषय बना हुआ है। मौके पर गंगा ठाकुर, रामलला ठाकुर, मुकेश ठाकुर महावीर कामत,जेवरी देवी,देवकी देवी,अंजली देवी,जुली,देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# दो दिवसीय विराट आर्य सम्मेलन संपन्न

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के भरपुरा चोचाही स्थित देवी स्थान के प्रांगण में महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय तृतीय आर्य सम्मेलन संपन्न हुआ। दो दिनों तक योगाभ्यास, यज्ञ हवन, वैदिक एवं अध्यात्मिक ज्ञान तथा भजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय में बना रहा। सम्मेलन में पूर्णिया से विद्वान डॉक्टर प्रोफेसर व्यास नंदन शास्त्री, उत्तर प्रदेश से ज्ञान प्रकाश वैदिक, नयन श्री प्रज्ञा, बंगराहा से श्यामानंद शास्त्री शिरकत किए। योगाचार्य के रूप में प्रेमचंद प्रियदर्शी, सुनील कुमार, रामाश्रय प्रसाद आर्य उपस्थित हुए। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मुखिया राम बहादुर सिंह, नंदलाल सिंह, राजाराम सिंह, रामबालक सिंह, राम विनोद सिंह के निर्देशन में किया गया। मौके पर कमिटि के अध्यक्ष श्रीराम सिंह आर्य, उपाध्यक्ष सुधीर प्रसाद आर्य, सचिव प्रवीण आनंद, उप सचिव शंभू सिंह, कोषाध्यक्ष मुक्ति नारायण सिंह, उपकोषाध्यक्ष राम पदार्थ सिंह, मंटून लाल सिंह, पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा नेता कृष्ण देव प्रसाद सिंह, पूर्व सरपंच हरिनारायण सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु मौजूद थे।

# न्यायालय में परिवारवाद दायर

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिक लड़की गायब होने की मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर गायब नाबालिक के पिता ने षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम समस्तीपुर में परिवारवाद दायर कराया है। जिसमें मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के बथुआ बुजुर्ग डिहवारी पोखर निवासी जगन्नाथ महतो के पुत्र रौशन कुमार, दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के रघुवर पुर निवासी विन्देश्वर महतो उर्फ वोदर महतो के पुत्र महेश महतो, राहुल महतो, दिनेश महतो को आरोपित किया है। अभियोग पत्र के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि मेरी नाबालिक पुत्री इंटर की छात्रा है। 1 फरवरी को उपर्युक्त अभियुक्त मोबाइल से बात कर मेरी पुत्री को गायब कर दिया। मेरी पुत्री की मोबाइल कमरे में ही था। उस नवंबर पर अभियुक्त का फोन आया था। बताया कि एक अभियुक्त पुलिस में नौकरी करता है। खोजबीन करने पर उपर्युक्त नामित अभियुक्त के द्वारा बताया गया कि लड़की गायब किया गया है। 24 घंटे के अंदर लड़की बरामद कर सुपुर्द कर देते है। लेकिन लड़की गायब करने वाले व सहयोगी के द्वारा लड़की को बरामद कर सुपुर्द नही किया गया। इस आशय की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन 3 फरवरी को हाथोंहाथ एवं 4 फरवरी को निबंधित डाक से थानाध्यक्ष महिला थाना को दिया। लेकिन प्राथमिकी दर्ज नही हुई तो इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर से किया फिर भी प्राथमिकी दर्ज नही हुई। अंत में न्यायालय में परिवारवाद दायर कराया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र तक चावल पहुंचाने का किया मांग

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका ने स्कूल व जन वितरण प्रणाली के तरह केंद्र तक चावल पहुंचाने की मांग की है। बताया गया कि विभूतिपुर परियोजना में एफसीआई गोदाम से सेवाकाओं को चावल उठाव के लिए बोला गया। सेविका द्वारा महिला पर्यवेक्षिका से इस संदर्भ का पत्र मांगा गया तो, बोला गया मौखिक आदेश है। वही सेविका ने बताई कि 10 रुपए प्रति बोरी पोलेदारी के रूप में लिया जा रहा है। जिसके कारण चावल उठाव रुक गया है। हम लोगों को विभाग द्वारा मात्र 100 रुपए किराया दिया जाता है। हम लोगों को भी स्कूल और जन वितरण प्रणाली के तरह चावल का डिलीवरी केंद्र तक किया जाए। चावल उठाव में सेविकाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही विनीता कुमारी, अमृता कुमारी, पूनम कुमारी, सरिता कुमारी, अनिता कुमारी के साथ-साथ तकरीबन 100 से 150 सेविका चावल उठाओ करने में हो रही परेशानियों को देखते हुए चावल उठाओ करने से इंकार की।

# आदर्श चौक की टीम विजेता तो नरहन की टीम उपविजेता

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के विभूतिपुर पूरब पंचायत स्थित खदियाही चौक पर आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबला में आदर्श चौक की टीम विजेता बनी तो नरहन की टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबला में पहले बल्लेबाजी करते हुए नरहन की निर्धारित ओवर में 6 विकेट खोकर 75 रन का स्कोर खड़ा किया। जबाव में उतरी आदर्श चौक की टीम 5 ओवर में 76 रन बनाकर जीत हासिल किया। कमिटी की ओर से विजेता टीम को विजेता ट्रॉफी एव उपविजेता टीम को उपविजेता ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। मैन ऑफ द मैच जय प्रकाश को दिया गया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष प्रवीण कुमार, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार, अनिल कुमार, हिमांशु, सत्यम कुमार, राहुल सिंह आदि उपस्थित थे।

# जन विश्वास यात्रा, पटना में रेली को सफल बनायें : तेजस्वी

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के जनार्दनपुर मवेशी हाट मे समस्तीपुर से दरभंगा जाने के दौरान जन विश्वास यात्रा के दौरान रोड़ शो में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष के तेजस्वी प्रसाद यादव का भव्य स्वागत किया गया। वहीं जन विश्वास यात्रा के दौरान उन्होंने 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में यही प्यार स्नेह के साथ रैली को सफल बनाने की लोगों से अपील किया। सभा की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह राजद प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू राय ने किया। वहीं संचालन भाकपा-माले अंचल सचिव दिनेश कुमार ने किया। मौके पर विधायक आलोक कुमार मेहता, विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, पूर्व विधायक अशोक कुमार वर्मा, युवा समाजसेवी सह राजद कार्यकर्ता अशोक कुमार राय, रामनाथ राय, मुखिया कविता देवी, उपेंद्र राय, कमलेश कुमार राय, मो अंसार, बबन राय, राकेश कुमार माया, उप प्रमुख दीपक कुमार राय, पूर्व उप प्रमुख राजेश राय, व्यवसायी आशोक यादव, सुखलाल यादव एवं डॉ महेंद्र महतो सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रशासन से उठा भरोसा तो रखा निजी चौकीदार

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना अंतर्गत कल्याणपुर बाजार के दुकानदारों को जब प्रशासन से भरोसा उठा तो अपनी दुकान की निगरानी के लिए निजी चौकीदार को रख लिया। लेकिन निजी चौकीदार भी घटना को रोकने में सफल नही हो रहे हैं। आए दिन कल्याणपुर बाजार के दुकानों में, मंदिरो में चोरी होना आम बात हो गई है। किसी न किसी दुकान में या मंदिर में आए दिन चोर चोरी की घटना का अंजाम देकर निकल जाते हैं। चोर कभी किराना दुकान, तो कभी मोबाइल दुकान, जनरल स्टोर, मंदिरों को टारगेट बनाकर बारी-बारी से घटना का अंजाम देने से नहीं चूकते हैं। जिसकी न तो पुलिस प्रशासन को भनक लग पाती है और न ही निजी चौकीदार को। पीड़ित मामले की शिकायत थाना में करते है लेकिन वह शिकायत वही तक सीमित रह जाता है। दुकानदार बताते है कि प्रशासन गस्ती के नाम पर खानापूर्ति तो करते हैं लेकिन घटना को नियंत्रित करने में असफल साबित हो रहे हैं।

# पुलिस ने 11 बोतल विदेशी शराब किया बरामद

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता



कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव से पुलिस ने स्वर्गीय बाबूलाल साह के पुत्र बैजू साह एवं दिनकर कुमार को 11 बोतल विदेशी शराब के साथ एक ऐसी स्कूटी बाइक को भी बरामद किया है। वहीं थानाध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

**सम्पादकीय**

## एकजुट होता इंडिया

कुछ दिन पहले विपक्ष का जो इंडिया गठबंधन बिखरता और समाप्त-सा लग रहा था, वह अचानक एकजुट होता लग रहा है। चुनावों से पहले यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम है। उप्र में 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी और 17 सीटों पर कांग्रेस का गठबंधन सुनिश्चित हो चुका है। अब न्याय यात्रा में अखिलेश यादव और राहुल गांधी साथ-साथ दिखाई देंगे। दिल्ली, हरियाणा, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ की 46 सीटों पर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के दरमियान गठबंधन घोषित हो चुका है। आप हरियाणा में कुरुक्षेत्र, गुजरात में भरुच और भावनगर तथा दिल्ली की 4 संसदीय सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। शेष सीटें कांग्रेस लड़ेगी। बेशक पंजाब में दोनों दल अलग-अलग चुनाव में उतरेंगे। बिहार में लालू यादव के राजद, कांग्रेस और वामदलों में बुनियादी सहमतियां बन गई हैं। आगामी 3 मार्च को गठबंधन की अधिकृत घोषणा की जा सकती है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड, जम्मू-कश्मीर की 149 सीटों पर गठबंधन फिलहाल चुनौती बना है। इन राज्यों में कांग्रेस और अन्य दल गठबंधन में रहे हैं, लिहाजा देर-सबेर सीटों का बंटवारा घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी से गठबंधन की खातिर 2-3 बार फोन पर चर्चा की है। तृणमूल ने कांग्रेस को मात्र 2 सीटें देने की बार-बार बात कही है, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर दावा कर रही है। यह भी सहमति बन सकती है कि कांग्रेस असम और मेघालय में 1-1 सीट तृणमूल के लिए छोड़ सकती है। फिलहाल ममता का रुख कड़ा है, लेकिन दोनों के बीच जड़ता की स्थितियां नहीं हैं। प्रख्यात चुनाव विशेषज्ञों के आकलन हैं कि यदि कांग्रेस और तृणमूल में गठबंधन हो गया, तो बंगाल में भाजपा की 18 सीटें घटकर ईकाई में पहुंच सकती हैं। यह राजनीति ममता भी समझती होंगी! हालांकि वैसे आसार नहीं हैं कि भाजपा-एनडीए के खिलाफ विपक्ष का एक ही, साझा उम्मीदवार चुनाव में उतर सके। यह सुझाव बिहार के मुख्यमंत्री एवं जद-यू के अध्यक्ष नीतीश कुमार का था, जिन्होंने सबसे पहले विपक्षी दलों को लामबंद करना शुरू किया था। अब तो वह खुद ही पाला बदल कर, भाजपा के साथ गठबंधन बना, सरकार बना चुके हैं। बहरहाल ऐसा बताया जा रहा है कि 350 से अधिक सीटों पर मोदी बनाम इंडिया के समीकरण बनाने पर विपक्ष विमर्श कर रहा है। इनमें 200 से अधिक सीटों पर भाजपा बनाम कांग्रेस के समीकरण प्रत्यक्ष होंगे। विपक्षी गठबंधन के लिए महाराष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में एक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के अलावा, राहुल गांधी ने भी शरद पवार और उद्धव ठाकरे से फोन पर बातचीत कर गठबंधन की सीटें तय करने के अनुरोध किए हैं। हालांकि कुछ राज्यों में वामपंथी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन में शामिल हैं, लेकिन केरल में उन्होंने अपने मोर्चे में सभी 20 सीटें बांट ली हैं। वहां कांग्रेस का प्रतिद्वंद्वी मोर्चा है। केरल के अलावा, जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के दलों ने इंडिया से अलग चुनाव लडे की घोषणाएं की हैं। हालांकि दोनों ही दल, पहले दिन से, इंडिया के घटक रहे हैं। बेशक विपक्षी गठबंधन आकार लेता हुआ दिख रहा है, लेकिन अभी जीत की संभावनाएं बहुत दूर हैं। हालांकि गठबंधन के विरोधाभास भाजपा-एनडीए में भी हैं, लेकिन वहां भाजपा अकेली ही बहुमत प्राप्त करने की स्थिति में है। वहां नेतृत्व और नीति प्रधानमंत्री मोदी की है।

## धारा 370 का भूत सियासत से पर्दे तक

**राकेश अचल**

धारा 370 यानि आर्टिकल 370 अब एक मृत शब्द है। जम्मू -कश्मीर के बूट से जुड़ी ये धारा यानि आर्टिकल अब सियासत और रजतपट दोनों पर एक साथ उभर रहा है। रजतपट पर आर्टिकल 370 को देश में कामयाबी मिलती दिखाई दे रही है लेकिन खाड़ी के देशों ने आर्टिकल 370 के प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी है। जबकि बेचारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी लगातार खाड़ी के देशों से गलबहियां बढ़ाने में लगे हैं।

दरअसल ये धारा 370 कांग्रेस को जितनी प्रिय थी उतनी हीभाजपा को भी प्रिय हो गयी है। भाजपा की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 को हटाने के लिए दशकों तक तैयारी की थी तब कहीं जाकर पांच साल पहले भाजपा का ये सपना पूरा हो पाया। जम्मू-कश्मीर के लोग भी धारा 370 को धीरे-धीरे भूलने लगे थे लेकिन अचानक भाजपा ने आगामी लोकसभा के लिए 370 सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर इस धारा 370 के भूत को एक बार फिर जिंदा कर दिया। भाजपा से लगाव रखने वाले रजतपट ने भी लगे हाथ बहती गंगा में हाथ धोने के लिए आर्टिकल 370 नाम से एक फिल्म बना डाली।

एक मरी हुई धारा से अमरत्व हासिल करने के भाजपा के फामूर्ले को कम से कम मै तो नहीं समझ पाया, लेकिन एक बात साफ हो गयी है कि भाजपा को गड़े मुर्दे उखाड़ने में जितना मजा आता है उतना किसी और राजनीतिक दल को नहीं आता। भाजपा पिछले दस साल से भले ही बहुमत के साथ सत्ता में है किन्तु उसके सिर से न पंडित जवाहरलाल नेहरू का भूत उतरा और न इंदिरा गाँधी का। राजीव गांधी का भूत उतरा न राहुल गांधी का। कांग्रेस का भूत तो उतरने का सवाल ही नहीं। अब भाजपा के सिर पर धारा 370 का भूत सवार हो गया है। भाजपा इस 370 के आंकड़े को लगता है अपने लिए शुभ मानती है और इसीलिए लोकसभा में अपने गठबंधन के लिए 400 किन्तु अपने लिए 370 सीटें हासिल करना चाहती है।

भाजपा की देखादेखी सिनेमा बनाने वाले यामी गौतम भी कहाँ मानने वाले थे। वे भी इस आंकड़े को विवेक अग्निहोत्री की तरह दि कश्मीर फाइल की तर्ज पर आर्टिकल 370 बनाकर भुना लेना चाहते थे, सो उन्होंने भी आनन-फानन में फिल्म बनाकर रिलीज भी कर दी। समय भी सही चुना। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ये फिल्म रिलीज हुई है ताकि देश को एक बार भाजपा द्वारा धारा 370 ; के साथ भाजपा सरकार द्वारा किये गए पुरुषार्थ की याद दिलाई जा सके और जेबें भरी जा सकें। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। सियासत का पिछलग्गू बनने से नुक्सान कम ही होता है। विवेक अग्निहोत्री इसका उदाहरण है। बन्दे ने दि कश्मीर फाइल बनाकर जमकर कमाई की थी। किन्तु यामी गौतम का भाग्य विवेक अग्निहोत्री के भाग्य जैसा नहीं है।

यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 दो दिन पहने यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म रिलीज के तीसरे दिन रविवार को यामी और उनके प्रशंसकों के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आई। इस फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज करने से इनकार कर दिया गया है। यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 से पहले ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की एक्शन-थ्रिलर फिल्म फाइटर को भी खाड़ी देशों में बैन कर दिया था। मैंने तो ये फिल्म देखी नहीं है किंतु इसके बारे में पढ़ा जरूर है। ये फिल्म कश्मीर घाटी के हालात को बयां करती नजर आ रही है। इतना ही नहीं आर्टिकल 370 को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आईं इसकी एक झलक भी देखने को मिल रही है। ऐसे में खाड़ी देशों में फिल्म आर्टिकल 370 को बैन करना कहीं न कहीं हिंदी सिनेमा के लिए बड़ा झटका है।

फिल्मों को बैन करने से कोई बात नहीं बनती। मै हमेशा से फिल्मों को ही नहीं बल्कि अभिव्यक्ति के किसी भी माध्यम को प्रतिबंधित करने के खिलाफ रहा हो। इसलिए खाड़ी देशों के इस प्रयास की निंदा करता हूँ, लेकिन मेरी ये बात समझ में नहीं आ रही है कि खाड़ी के देश ऐसा क्यों कर रहे हैं, जबकि हमारे प्रधानमंत्री खाड़ी के देशों से लगातार अपने यानि भारत के रिश्ते सुधरने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। आपको याद दिला दूँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में खाड़ी देशों की अपनी यात्रा पूरी की। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी कि ये 13 वीं यात्रा थी। उनके हालिया दौरों ने इस क्षेत्र के साथ संबंधों को और मजबूत किया है। खाड़ी देशों में लगभग 9 मिलियन यानी 90 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 34.3 लाख भारतीय यूएई में, उसके बाद 25.9 लाख सऊदी अरब में, 10.3 लाख कुवैत, 7.8 लाख ओमान, 7.5 लाख कतर और 3.3 लाख भारतीय बहरीन में रहते हैं। खाड़ी देशों में भारतीय प्रवासियों की विशाल तादाद का मोदी जी को राजनीतिक फायदा भी मिलता है। विदेश में रहने वाले भारतीय हर साल भारत में जितना पैसा रेमिटेंस के तौर पर भेजते हैं, उनका तकरीबन आधा तो सिर्फ जीसीसी के देशों से आता है। बहरहाल अब देखना ये है कि लोकसभा चुनाव में 370 का ये आंकड़ा माननीय मोदी जी के लिए शुभ साबित होता है या नहीं, क्योंकि मोदी जी के इस आंकड़े से खफा देश का विपक्ष हाल के दिनों में अप्रत्याशित रूप से एकजुट हुआ है। सब मिलकर मोदी जी को इस जादुई आंकड़े से दूर रखना चाहते हैं। यामी गौतम को तो आर्टिकल 370 करोड़पति बना देगा लेकिन भाजपा और मोदी जी को इसका कितना लाभ दिला पायेगा कहना सम्भव नहीं ह। हो सकता है कि भाजपा के लिए ये धारा छप्पर फाड़कर समर्थन दे दे और ये भी हो सकता है कि भाजपा का छप्पर पलट भी दे। आखिर धारा तो धारा है। लगती है तो भी असर दिखाती है और हटती है तो भी असर दिखाती है। हम और आप तो केवल दर्शक हैं।

# राजनीति का खेल : सत्ता में जो बंदा... उसे सबसे अधिक चन्दा....!

**यद्यपि आज की राजनीति में हर स्तर पर पारिवारिक शब्द से परहेज करने की बात की जाने लगी है, किंतु क्या यह संभव है, उल्टे पारिवारिक राजघरानों द्वारा यह उक्ति दोहराई जा रही है कि मास्टर (शिक्षक) का बेटा यदि मास्टर बनता है या उसे बनाया जाता है तो राजनेता का बेटा राजनीति में क्यों नही लाया जा सकता? आज यह दलील राजनीतिक दलीय बंधनों से ऊपर तैर रही है, फिर सबसे अहम् बात यह भी है कि किसी भी रोजगार या धंधें के लिए आर्थिक सेहत, शैक्षणिक योग्यता तथा उसके प्रति लगाव या रूचि चाहिए होती है, लेकिन राजनीति का धन्धा एक ऐसा धंधा है जिसमें न शैक्षणिक योग्यता की जरूरत है और न अच्छी आर्थिक सेहत की, केवल राजनीति में रूचि ही काफी है और वह भी जनसेवा के प्रति नहीं बल्कि बल्कि स्वयं एवं परिवार की आर्थिक सेवा के प्रति। कुल मिलाकर राजनीति ही ऐसा एक क्षेत्र है, जिसमें प्रवेश के लिए हींग लगे न फिटकरी, रंग चैखा होय वाली कहावत चरितार्थ होती है और इसीलिए भारतीय युवाओं का रूझान अब राजनीति की ओर बढ़ता ही जा रहा है। ....फिर यही एक क्षेत्र ऐसा है, जहां प्रजातंत्र की परिभाषा सही अर्थों में लागू होती है, प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा जो किया जाए, वही आज की राजनीति है।**





**ओमप्रकाश मेहता**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

भारतीय राजनीति में अब जनसेवा के अर्थ बदल गए है, अब सेवा आर्थिक मेवा बन गई है, हाल ही में प्रकाशित एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह भी उजागर हुआ है, भारतीय युवा अब नियमित रोजगार प्राप्त करने में कम और राजनीति में प्रवेश में ज्यादा रूचि रखने लगे है, क्योंकि राजनीति में उन्हें धन के साथ सम्मान मिलने की भी उम्मीद रहती है, इसलिए अब धीरे-धीरे प्रमुख राजनीतिक दलों के दफ्तरों में युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है और वह भी सत्तारूढ़ दल से जुड़ी राजनीति में।

यद्यपि आज की राजनीति में हर स्तर पर पारिवारिक शब्द से परहेज करने की बात की जाने लगी है, किंतु क्या यह संभव है, उल्टे पारिवारिक राजघरानों द्वारा यह उक्ति दोहराई जा रही है कि मास्टर (शिक्षक) का बेटा यदि मास्टर बनता है या उसे बनाया जाता है तो राजनेता का बेटा राजनीति में क्यों नही लाया जा सकता? आज यह दलील राजनीतिक दलीय बंधनों से ऊपर तैर रही है, फिर सबसे अहम् बात यह भी है कि किसी भी रोजगार या धंधें के लिए आर्थिक सेहत, शैक्षणिक योग्यता तथा उसके प्रति लगाव या रूचि चाहिए होती है, लेकिन राजनीति का धन्धा एक ऐसा धंधा है जिसमें न शैक्षणिक योग्यता की जरूरत है और न अच्छी आर्थिक सेहत की, केवल राजनीति में रूचि ही काफी है और वह भी जनसेवा के प्रति नहीं बल्कि बल्कि स्वयं एवं परिवार की आर्थिक सेवा के प्रति। कुल मिलाकर राजनीति ही ऐसा एक क्षेत्र है, जिसमें प्रवेश के लिए हींग लगे न फिटकरी, रंग चैखा होय वाली कहावत चरितार्थ होती है और इसीलिए भारतीय युवाओं का रूझान अब राजनीति की ओर बढ़ता ही जा रहा है। ....फिर यही एक क्षेत्र ऐसा है, जहां प्रजातंत्र की परिभाषा सही अर्थों में लागू होती है, प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा जो किया जाए, वही आज की राजनीति है। भारत की आजादी के बाद कुछ वर्षों तक राजनीति से जनसेवा जुडा रहा, गांधी, पटेल, सुभाष के समय राजनीति में जनसेवा का तत्व मौजूद था, किंतु नेहरू के प्रधान मंत्रित्व काल में ही इस महत्वपूर्ण तत्व का राजनीति से लोप होने लगा, जो आज यह तत्व राजनीति से पूरी तरह विलोपित हो गया है। आज तो राजनीति का सीधा सम्बंध, आर्थिक सेहत के साथ रूतबे से जुड़ गया है, आज राजनीति कर्णधार अपनी राजनीति प्रजा ही हर माध्यम से जुडकर पनपाते है, वे राजनीति में आकर न सिर्फ चँदा के धन्धा से जुड़ जाते है, बल्कि सत्ता का दुरूपयोग भी शुरू कर देते है। यही नहीं भारत ही विश्व में एकमात्र ऐसा देश है, जहां राजनेताओं ने सत्ता में आकर अपने अनुकूल नियम-कानून भी लागू कर लिए, इसका सबसे बड़ा उदाहरण राजनेता व राजनीतिक दलों के साथ जन प्रतिनिधि को आयकर कानून से बाहर रखना। एक सरकारी कर्मचारी या लघु उद्योगपति को अपने खून-पसीने की कमाई का बड़ा भाग आयकर के रूप में सरकार को चुकाना पड़ता है, किंतु एक राजनेता या उसका दल कितना ही धन वैध या अवैध तरीके से अर्जित कर लें, उसे कोई टेक्स नहीं चुकाना पड़ता। सरकार के ऐसे ही कुछ कानून है जो राजनेता को आम नागरिक के दर्जे से ऊपर उठा देते है और राजनेता शोषणकर्ता का एक अंग बन जाता है। आज देश की राजनीति में यह चंदा का कारोबार उत्तरोत्तर प्रगति मार्ग पर है, सत्ता में जो भी दल होता है, उस पर धन की वर्षा होती ही है, इसके साथ उसके राजनेता भी आर्थिक रूप से सम्पन्नता ग्रहण कर लेते है। भारत की आजादी के बाद से सर्वाधिक समय तक चाहे कांग्रेस सत्ता में रही हो, किंतु आज वह सत्ता से पिछड़कर एक गरीब पार्टी बन गई है, जो आर्थिक दृष्टि से सत्तारूढ़ भाजपा से काफी पीछे है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार सन् 2022-23 के दौरान देश पर राज कर रही भाजपा को चंदे के बतौर सात सौ तीन करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई, जो कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भाकपा और नेशनल पिपुल्स पार्टी के मिले कुल चंदें की राशि से पांच गुना ज्यादा है, राष्ट्रीय दलों को इस अवधि में बारह हजार एक सौ सढ़सठ करोड चंदा मिला इनमें बीस हजार रूपए से अधिक का चंदा कुल निर्धारित प्रतिबंधित राशि 850, 438 करोड रूपए मिला बहुजन समाज पार्टी के अनुसार उसे बीस हजार की प्रतिबंधित राशि से ऊपर एक रूपए का भी चंदा नहीं मिला, सत्तारूढ़ भाजपा को बीस हजार से अधिक राशि के 7945 देयकों के माध्यम से 719, 858 करोड़ रुपए और कांग्रेस को बीस हजार की प्रतिबंधित राशि के 894 देयकों के माध्यम से चंदे में कुल 79, 924 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई। यह स्पष्ट करता है कि ह्यह्यसत्ता में जो बंदा, उसे सबसे अधिक चन्दाह्लह्ल। यह राशि तो राजनीतिक दलों की प्राप्त आय है, किंतु राजनेताओं को मिली राशि का कहीं कोई हिसाब नहीं है, सरकार तो क्या स्वयं राजनेताओं के पास भी नहीं।

# सीट बंटवारे से मजबूत होगा इंडिया गठबंधन

**उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी। इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है।**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं**

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा होने लगा है। गठबंधन का प्रमुख दल कांग्रेस ने इसके लिए पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा कर सीट शेयरिंग फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी। इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस नेतृत्व को आशा है कि आने वाले कुछ दिनों में बिहार में सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव में उतरेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल में अभी तक कांग्रेस व ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के लिए ममता बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर इनकार कर दिया था। ममता बनर्जी कांग्रेस को मौजूदा दो सीट देना चाहती है। हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर एक बार फिर बातचीत शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी दबाव में आई हुई है। इसी के चलते ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पांच सीट देकर समझौता कर सकती है। पश्चिम बंगाल में जब तक वामपंथी दलों के साथ समझौता नहीं होगा तब तक बीजेपी विरोधी वोटो को बिखरने से नहीं रोका जा सकेगा। केरल में कांग्रेस व वामपंथी दलों का अपना-अपना एलायंस बना हुआ है। वहां दोनों ही एलांयसों के अंदर तगड़ा मुकाबला होगा। केरल में कांग्रेस, वामपंथी दल आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में केरल में वामपंथी दलों को मात्र एक लोकसभा सीट मिली थी। जबकि केरल में वामपंथी दल की लगातार दूसरी बार सरकार चल रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने पिछली बार द्रुमक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तमिलनाडु में आठ सीटों पर व वामपंथी दलों को चार सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस को 9 के बजाय 7 सीट देने की ही बात कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस वहां 16 सीट मांग रही है। द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन ने तमिलनाडु में लंबे समय से सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को रामनाथपुरम सीट व कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को नमक्कल सीट देकर सीट शेयरिंग के फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। मगर तमिलनाडु में जब तक द्रमुक का कांग्रेस व वामपंथी दलों से सीटों का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक वहां इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अधूरा ही माना जाएगा। झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोचा, राजद के साथ सीटों का समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक-एक सीट पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा ने वहां 12 सीट जीती थी। मगर इस बार वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। ऐसे में वहां इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है। असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है। त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि कांग्रेस का माकपा के साथ सीटों की शेयरिंग हो जाती है तो दोनों ही दलों को फायदा मिल सकता है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की सीधी भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों से लड़ाई है। आंध्र प्रदेश में एक तरफ सत्तारूढ़ जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी खड़ी है। तो दूसरी तरफ तेलुगु देशम पार्टी ने फिल्म एक्टर पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ सीटो पर समझौता कर विधानसभा की 118 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा के भी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में वहां कांग्रेस को त्रिकोणीय मुकाबला करना होगा। तेलंगाना में कांग्रेस ने हाल ही में भारत राष्ट्रीय समिति के के. चंद्रशेखर राव को हराकर सत्ता हासिल की है। वहां कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति व भाजपा में तिकोना संघर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सीधा भाजपा से मुकाबला होगा। वही उड़ीसा में बीजू जनता दल, भाजपा व कांग्रेस में तिकोना संघर्ष होगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के अलग-अलग चुनाव लड़ने से कई सीटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है। पिछले दिनों भाजपा इंडिया गठबंधन पर सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलते कई तरह के आरोप लगा रही थी। मगर कांग्रेस ने सीट शेयरिंग की दिशा में बड़े कदम उठाते हुए कई दलों के साथ गठबंधन कर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इससे आने वाले कुछ दिनों में सभी सीटों पर गठबंधन होने की संभावना नजर आने लगी है। यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर एक साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे तो निश्चय ही भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकेंगे।

# बिहार में लागू प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना देश के लिए बनी नजीर

**मुरली मनोहर श्रीवास्तव–**

वर्ष 2005 से पहले बिहार को लालटेन युग से जाना जाता था। यहां पर बिजली की खास्ता हालत थी। गांव की बात छोड़िए, शहर में 24 घंटे लोग बिजली के लिए तरसते थे लेकिन वर्ष 2005 में श्री नीतीश कुमार के सत्ता संभालने के बाद धीरे-धीरे ही सही बिहार में बिजली की स्थिति में सुधार देखने को मिलने लगा। पहले सरकार ने शहरों में 24 घंटे बिजली देने के लक्ष्य को पूरा किया और फिर सुदूर गांवों में भी बिजली के तार और ट्रांसफॉर्मर लगाए गए लेकिन बिहार में बिजली चोरी नासूर बन चुकी थी। शहर हो या गांव टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करना आम प्रचलन में था। इससे सरकार को राजस्व की जबरदस्त हानि हो रही थी। सरकार ने बिजली चोरी रोकने लिए छापेमारी दस्ते का गठन किया। छापेमारी होने लगी, फाइन भी होता था लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही कहानी शुरू हो जाती। ऊर्जा विभाग लोगों के टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी से परेशान हो चुकी थी लिहाजा इस लाइलाज बीमारी को जड़ से ठीक करने के लिए सरकार के द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना लाई गई। इससे टोका फंसाकर और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करनेवाले लोगों पर शिकंजा कसा गया। इससे सरकार को राजस्व में हो रही हानि पर भी अंकुश लगा। साथ ही लोगों को कई फायदे भी हुए। बिजली चोरी रोकने, बिल भुगतान, मीटर रीडिंग और अन्य तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए बिहार के सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू किया गया है। बिहार दुनिया का इकलौता राज्य है जहां गांव-गांव में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली बिल में गड़बड़ी और बिल जमा करने की समस्या से लोगों को छुटकारा मिला। लोगों को अपनी खपत के मुताबिक मीटर रिचार्ज करने की सुविधा मिली। अपने सुविधानुसार मीटर बंद और चालू करने की सहूलियत से लोगों को काफी फायदा हुआ। सबसे बड़ी बात कि लोग अब अपने मोबाइल के जरिए ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर को हैंडल कर पाते हैं। बिहार देश का पहला और एकमात्र राज्य है जिसने अपने यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना की शुरूआत की। हालांकि शुरू में इसको लेकर काफी विरोध हुआ, बिल में गड़बड़ी की शिकायत की गई लेकिन जब इसके फायदे सामने आने लगे तो आज देश के अन्य राज्य भी इस योजना को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। वर्ष 2019 में स्मार्ट प्री-पेड बिजली मीटर के कई लाभों को देखते हुए सभी बिजली उपभोक्ताओं के मौजूदा मीटर को स्मार्ट प्री-पेड मीटर से बदलने की योजना बनाई गई। फरवरी 2021 में ई0ई0एस0एल0 ने अपने स्मार्ट मीटर राष्ट्रीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बिहार में 2.34 मिलियन स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापना के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की पटना में 13वीं बैठक में बिहार के स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सराहना की गई है। बिहार सरकार की ओर से गुड प्रैक्टिस के रूप में स्मार्ट प्रीपेड मीटर संबंधी प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसमें सदस्य राज्यों ने बिहार के इस प्रैक्टिस को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए चयनित भी कर लिया। अब इस प्रैक्टिस को परिषद की अगली बैठक में अन्य राज्यों द्वारा लागू करने पर विचार किया जाएगा। हाल ही में बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार में लगनेवाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए नया कानून बनाने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी ली है। बिजली कंपनी की ओर से बिहार विद्युत विनियामक आयोग से कहा गया है कि बिहार में स्मार्ट मीटर रेगुलेशन बनाने के लिए आयोग को ही रेगुलेशन का ड्राफ्ट जारी करना होगा। ड्राफ्ट जारी होने के बाद इसपर जनता की राय ली जाएगी। कंपनी भी अपनी ओर से अपना पक्ष रखेगी। कंपनी ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को और कारगर बनाने हेतु आयोग के समक्ष कुछ और प्रस्ताव भी पेश किए हैं, मसलन उपभोक्ता मोबाइल पर तीन बार मैसेज आने के बावजूद मीटर रिचार्ज नहीं कराता है तो बिजली काट दी जाएगी। इसके बाद यदि उपभोक्ता दुबारा कनेक्शन लेता है तो उससे कितना चार्ज लिया जाए ?

# भारत ने 5 विकेट से जीता चौथा टेस्ट



## सीरीज में बनाई अजय बढ़त

**नई दिल्ली ।** भारत ने चौथे टेस्ट के चौथे दिन रोहित शर्मा (81 गेंदों पर 5 चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन) और शुभमन गिल (44 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 37 रन) की अर्धशतकीय पारियों के साथ ही ध्रुव जुरेल की 77 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 39 रन की सधी हुई पारी की वजह से इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 3-1 से अजय बढ़त बनाई।

इससे पहले भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन के 5 और कुलदीप यादव के 4 विकेट की बदौलत इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन ही बना सका जिससे भारत को 192 रन का लक्ष्य मिला। भारत ने इसके जवाब में बिना विकेट गंवाए 40 रन के साथ तीसरे दिन की समाप्ति की। चौथे टेस्ट के तीसरे दिन भारत ने 219/7 से आगे खेलते हुए ध्रुव जुरेल ने भारत को 307 तक पहुंचाया। हालांकि वह शतक से चूक गए और 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 90 रन पर आउट हो गए। इसी के साथ ही पहली पारी में इंग्लैंड को 46 रन की बढ़त मिली। इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने पारी में पांच विकेट अपने नाम किए।

भारत ने इंगलैंड की पहली पारी के 353 रनों के जवाब में सधी हुई शुरूआत की। कप्तान रोहित शर्मा के 2 रन पर आऊट होने के बाद जायसवाल क्रीज पर जमे और अर्धशतक लगाया। इंग्लैंड के स्पिनर बशीर ने जोरदार वापसी करते हुए भारतीय टीम को बड़े झटके दिए। लेकिन भारतीय मध्यक्रम बड़ा स्कोर नहीं बना पाया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 7 विकेट खोकर 219 रन बना लिए। क्रीज पर ध्रुव जुरेल (30) और कुलदीप यादव (17) बने हुए हैं। टीम इंडिया अभी भी इंगलैंड के स्कोर से 134 रन पीछे है। भारतीय टीम के पास इस मैच को जीतकर इंगलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है। भारत पहले ही 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है।

इंगलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं थी। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप ने शुरूआत 12 ओवर में ही तीन विकेट चटकाकर इंगलैंड को बैकफुट पर भेज दिया था। लेकिन जो रूट ने एक छोर संभालते हुए शतक पूरा किया और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। रूट ने 274 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 122रन बनाए। उन्हें जॉनी बेयरस्टो 38, जैक क्राउले 42, बेन फोक्स 47 का भी सहयोग मिला। अंत में ओली रॉबिन्सन ने 96 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए जिससे इंगलैंड की टीम 353 रन तक पहुंचने में सफल रही।

भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद सिराज ने 18 ओवर में 78 रन देकर 2 विकेट लिए। इसी तरह आकाश दीप ने 19 ओवरों में 83 रन देकर 3 विकेट पर खत्म किया। रवींद्र जडेजा सबसे आगेरहे। उन्होंने महज 67 रन देकर 4 विकेट लिए। अश्विन एक विकेट निकालने में सफल रहे।

### भारत पहली पारी

टीम इंडिया की शुरूआत भी खराब रही। पिछले मुकाबले में शतक जड़ने वाले कप्तान रोहित शर्मा 2 रन बनाकर जेम्स एंडरसन का शिकार हो गए। हालांकि इसके बाद टेस्ट सीरीज में दो दोहरे शतक जड़ चुके जायसवाल सामने आए। उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट लगाए। शुभमन गिल ने भी उनका बाखूबी साथ दिया और टीम इंडिया को मुश्किल घड़ी से बाहर निकाल लिया। जायसवाल ने 89 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान शुभमन गिल 65 गेंदों पर 38 रन बनाकर आऊट हुए। क्रीज पर आए रजत पाटीदार ने शुरू में आत्मविश्वास दिखाया लेकिन वह जल्द ही शोएब बशीर की गेंद पर पगबाधा आऊट हो गए। उन्होंने 17 रन बनाए। इसी तरह रवींद्र जडेजा ने 12 रन का योगदान दिया। यशस्वी ने 73 रन बनाए और बशीर की गेंद पर बोल्ड हो गए। बशीर ने भरत की पहली पांच विकेट में से 4 अपने नाम की। सरफराज खान 14 तो अश्विन 1 रन ही बना पाए। इसके बाद ध्रुव जुरेल और कुलदीप ने पारी संभाली और स्कोर 219 तक ले गए।

## यशस्वी जायसवाल ने विराट कोहली की बराबरी की, घरेलू सीरीज में बनाए सबसे ज्यादा रन



**रांची ।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल घरेलू टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान 655 रन बनाकर उन्होंने विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जयसवाल ने सोमवार को यहां भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के चौथे दिन कोहली की बराबरी की। सुनील गावस्कर 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह मैचों में 732 रन बनाकर इस सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी भारत के लिए अपनी तीसरी टेस्ट श्रृंखला खेल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में स्वप्निल प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हैदराबाद में आक्रामक 80 रनों के साथ शुरुआत की थी। सलामी बल्लेबाज की 209 रनों की शानदार पारी ने विजाग में भारत की जीत के लिए मंच तैयार किया और उन्होंने राजकोट में एक और असाधारण दोहरे शतक (नाबाद 214) के साथ इसका समर्थन किया जिससे मेजबान टीम को श्रृंखला में बढ़त हासिल करने का मौका मिला। कोहली ने 2016 में अपना रन टैली प्रबंधित किया था जब इंग्लैंड ने भारत में पांच मैच खेले थे। उन्होंने आठ पारियों में दो शतक और अर्द्धशतक बनाए जिसमें 235 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल था।

## मैं फिर कभी आंध्र के लिए नहीं खेलूंगा, हनुमा विहारी ने टीम से बाहर होने पर खोला राज

**नई दिल्ली ।** आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन के दुर्व्यवहार पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए वरिष्ठ बल्लेबाज हनुमा विहारी ने सोमवार को घोषणा की कि वह अब राज्य टीम का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। मौजूदा रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में आंध्र की यात्रा समाप्त हो गई क्योंकि उन्हें सोमवार को क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश से चार रन की करीबी हार का सामना करना पड़ा। दुखद बात यह है कि एसोसिएशन का मानना है कि खिलाड़ी जो भी कहते हैं उन्हें सुनना पड़ता है और खिलाड़ी उनकी वजह से ही वहां हैं।

मैंने फैसला किया है कि मैं आंध्र के लिए कभी नहीं खेलूंगा जहां मैंने अपना आत्मसम्मान खो दिया है। विहारी ने सोशल मीडिया पर लिखा, %मैं टीम से प्यार करता हूं। जिस तरह से हम हर सीजन में आगे बढ़ रहे हैं, वह मुझे पसंद है लेकिन एसोसिएशन नहीं चाहता कि हम आगे बढ़ें।%

मध्यक्रम के बल्लेबाज ने भारत के लिए 16 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत आंध्र के कप्तान के रूप में की थी, लेकिन पिछले साल के उपविजेता बंगाल के खिलाफ पहले मैच के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। रिकी भुई ने शेष सीज़न के लिए टीम का नेतृत्व किया और अब वह 902 रनों के साथ सीजन के रन चार्ट में सबसे आगे हैं।



उस समय, विहारी ने नेतृत्व की भूमिका से हटने के अपने फैसले के लिए %व्यक्तिगत कारणों% को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन अब दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि एसोसिएशन ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, %बंगाल के खिलाफ पहले मैच में मैं कप्तान था, उस मैच के दौरान मैं 17वें खिलाड़ी पर चिल्लाया और उसने अपने पिता (जो एक राजनेता हैं) से शिकायत की, बदले में उसके पिता ने एसोसिएशन से मेरे खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा।%

विहारी ने कहा, %हालांकि हमने पिछले साल फाइनलिस्ट बंगाल के खिलाफ 410 रन का पीछा किया था, लेकिन मुझसे बिना किसी गलती के कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए कहा गया।% मध्य प्रदेश के खिलाफ पिछले साल के रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच को याद करते हुए 30 वर्षीय ने कहा कि उन्होंने टीम के लिए खुद को दांव पर लगा दिया है। उनके दाहिने हाथ की बांह की चोट के कारण उन्हें उस खेल में बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन वह आंध्र को बाहर होने से नहीं रोक सके।

उन्होंने कहा, %मैंने खिलाड़ी को व्यक्तिगत रूप से कभी कुछ नहीं कहा, लेकिन एसोसिएशन ने सोचा कि वह खिलाड़ी उस व्यक्ति से अधिक महत्वपूर्ण है जिसने पिछले साल अपना शरीर दांव पर लगा दिया और बाएं हाथ से बल्लेबाजी की, आंध्र को पिछले 7 वर्षों में 5 बार नॉकआउट में गए और भारत के लिए 16 टेस्ट खेले।मुझे शर्मिंदगी महसूस हुई लेकिन इस सीज़न में खेलना जारी रखने का एकमात्र कारण यह था कि मैं खेल और अपनी टीम का सम्मान करता हूं।

## शुबमन गिल ने मैच जीतने वाली साझेदारी पर की बात, द्रुव जुरेल को दी सलाह का खुलासा किया

**रांची (झारखंड) ।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में भारत के लिए मैच जिताऊ पारी खेलने वाले शुबमन गिल ने ध्रुव जुरेल को दी गई सलाह का खुलासा किया। जुरेल और गिल की नाबाद 82 रनों की साझेदारी ने भारत के लि श्रृंखला और चौथे टेस्ट में 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। घरेलू परिस्थितियों में यह भारत की 17वीं सीरीज जीत थी। भारत अब 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए धर्मशाला रवाना हो गया है। मैच के बाद गिल ने उस सलाह के बारे में बात की जो उन्होंने मैच जीतने वाली साझेदारी के दौरान जुरेल को दी थी और खुलासा किया कि उन्होंने उनसे उसी मानसिकता के साथ खेलने के लिए कहा था जिसके साथ उन्होंने पहली पारी में खेला था जिसमें उन्होंने 90 रन बनाए थे। गिल ने बात करते हुए कहा, %मैंने उनसे (जुरेल) कहा कि आपने पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की और उसी मानसिकता के साथ ऑफ स्पिनर के खिलाफ पैरों का इस्तेमाल करने की कोशिश करें। जिस तरह से वह उतरे और खेले वह सुंदर था।%



पूरे दिन इंग्लैंड ने भारत को प्रत्येक रन के लिए कड़ी मेहनत कराई, खासकर तब जब भारत 120/5 पर था। गिल ने कहा, %उन्होंने हमें दबाव में डाल दिया था, लेकिन हमारे सलामी बल्लेबाजों ने हमें अच्छी शुरुआत दी, कुछ विकेट खोने से दबाव बढ़ गया। लेकिन जुरेल ने आकर दबाव हटा दिया। आपको स्थिति को देखना होगा और उसके अनुसार खेलना होगा - वे अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे और सीमाओं की रक्षा करना, मेडेन ओवर भी नहीं देना और सिंगल लेना जारी रखना (मानसिकता थी)।% 52* रन की अपनी पारी के दौरान गिल ने सहजता से सिंगल लेने और स्ट्राइक रोटेट करने के लिए अपने पैरों का इस्तेमाल किया। उनका फुटवर्क तब स्पष्ट हुआ जब उन्होंने शोएब बशीर के ओवर में लगातार दो छक्के लगाकर भारत को फिनिशिंग लाइन के करीब पहुंचाया। गिल ने अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की और खुलासा किया कि स्टंप के सामने फंसने से बचने के लिए उन्होंने अपने पैरों का इस्तेमाल किया। गिल ने कहा, %पहली पारी में गेंद ज्यादा टर्न नहीं कर रही थी और इसलिए मैंने अपने पैरों का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन दूसरी पारी में मैंने अपने पैरों का इस्तेमाल करके एलबीडब्ल्यू को आउट ना होने का फैसला किया। यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है, यहां आना और पहले टेस्ट के बाद केएल को खोने के बाद ज्यादा बल्लेबाजी अनुभव के साथ श्रृंखला खेलना.. लेकिन रोहित भाई ने हमारा समर्थन किया और हमें बाहर जाने और स्वतंत्रता के साथ खेलने का आत्मविश्वास दिया।

## कैमरों को डीआरएस ऑपरेटरों की तरफ रखा जाना चाहिए, जो रूट के आउट पर बोले माइकल वॉन



**नई दिल्ली ।** पांच मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन जो रूट के आउट होने के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि टीवी कैमरों को डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) ऑपरेटरों पर रखा जाना चाहिए। तकनीक के रूप में पारदर्शिता भारत के खिलाफ चल रही श्रृंखला में एक बड़ा चर्चा का विषय रही है।

रविवार को भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिव्यू पर आउट होने पर रूट काफी नाराज दिखे। अश्विन की गेंद बल्लेबाज के पैड पर लगी और अंपायर अपील से सहमत नहीं हुए और नॉट आउट दे दिया। लेकिन भारत ने रिव्यू का फैसला किया। अल्ट्राएज ने स्पष्ट किया कि रूट का बल्ला गेंद से नहीं लगा था और हॉक आई ने तब कहा था कि गेंद स्टंप की लाइन के अंदर पिच हुई थी और लेग स्टंप पर जा लगी होगी और मैदान पर फैसला पलट गया और रूट 11 रन पर आउट हो गए।

उसी टेस्ट में इंग्लैंड को भारत की पहली पारी के दौरान चार %अंपायर कॉल% एलबीडब्ल्यू निर्णयों से लाभ हुआ। वॉन ने कहा, %मैं यह नहीं कह रहा हूं कि कोई धोखा दे रहा है। मैं तब जवाब देने की कोशिश कर रहा हूं जब कोई निर्णय लिया जाता है और हम सभी उससे असहमत होते हैं। अगर हॉक-आई पर मौजूद व्यक्ति को फिल्माया जाता है तो इससे चर्चा खत्म हो जाता है।%

श्रृंखला की शुरुआत में कप्तान बेन स्टोक्स ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 432 रन की हार में जैक क्रॉली को आउट करना हैरान करने वाला पाया क्योंकि तकनीक से पता चला कि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी, फिर भी मैदान पर लिया गया फैसला कायम रहा और डीआरएस दिया गया। यह %अंपायर की कॉल% के रूप में है। इसके बाद इंग्लिश कप्तान ने डीआरएस के भीतर %अंपायर्स कॉल% नियमों को खत्म करने का आह्वान किया।

## सैफ अंडर 16 महिला चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम का ऐलान, इन खिलाड़ियों को मिली जगह



**नई दिल्ली ।** मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएंगे।

### भारतीय टीम :

**गोलकीपर** – के टी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी
**डिफेंडर** – अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी
**मिडफील्डर** – अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के
**फॉरवर्ड** – गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस

## भारत के टेस्ट श्रृंखला जीतने पर कोहली का बयान आया सामने, युवा खिलाड़ियों की जमकर की तारीफ

**नई दिल्ली ।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा% टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन की तारीफ की। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 3.1 की विजयी बढ़त बना ली। टेस्ट श्रृंखला से निजी कारणों से बाहर होने के बाद क्रिकेट पर अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, 'यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढता और लचीलापन दिखाया।% कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, 'भारत ने एक बार फिर दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है।%



उन्होंने लिखा, 'आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार पहला स्पैल डाला। ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को बखूबी भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। पहली पारी में कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी।% उन्होंने लिखा, 'दूसरी पारी में कुलदीप का स्पैल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया। शुभमन गिल ने बेहद महत्वपूर्ण और संयमित पारी खेली।% बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टीम को बधाई देते हुए लिखा, 'रांची में चौथे टेस्ट में भारत की शानदार जीत। श्रृंखला अपने नाम की।% इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने लिखा, 'पांच विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बिना। टॉस भी हारे। पहली पारी में पिछड़े। इसके बावजूद शानदार जीत। भारतीय टीम बधाई की पात्र है। भारत को कई शानदार युवा खिलाड़ी मिल गए हैं।

## इंग्लैंड पर जीत से भारत को हुआ फायदा, डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में मजबूत की स्थिति

**दुबई ।** भारत ने सोमवार को रांची में चौथे टेस्ट में बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

रोहित शर्मा की अगुआई वाली मेजबान टीम ने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है। कड़े मुकाबले में जीत के बाद भारत का अंक प्रतिशत 59.52 से बढ़कर 64.58 हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55 प्रतिशत अंक) और बांग्लादेश (50 प्रतिशत अंक) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44 प्रतिशत अंक के साथ आठवें स्थान पर है। श्रीलंका नौवें स्थान पर है जिसने अभी खाता नहीं खोला है।



भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक आठ टेस्ट खेले हैं जिनमें से पांच में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल% (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है। टीम ने नौ में से अब तक केवल तीन मैच जीते हैं जबकि पांच में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा और एक मुकाबला ड्रॉ रहा।

न्यूजीलैंड 75 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है लेकिन उसने अब तक केवल चार टेस्ट खेले हैं। टेस्ट मैच जीतने पर 12 अंक, टाई पर छह और ड्रॉ के लिए चार अंक दिए जाते हैं। अंकों के प्रतिशत के अनुसार टीमों को स्थान दिया जाता है। शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलेंगी। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद से भारत अब तक दोनों बार फाइनल में पहुंचा है।

टीम उद्घाटन चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई थी जबकि दूसरे सत्र में टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट को भी जीत लेता है तो दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर लेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फॉर्च्यूनर के बिना लड़की विदा की तो 1 हफ्ते में मार दूंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव लाला से नारनौल के गांव निजामपुर गई बारात को तब बिना दुल्हन के लौटना पड़ा, जब दूल्हे ने कथित रूप से विदाई के समय दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर डाली। यह सब कुछ उस समय घटा, जब सात फेरे हो चुके थे और विदाई की तैयारी हो रही थी। दूल्हे ने धमकी दी थी कि यदि बिना फॉर्च्यूनर के दुल्हन को विदा कर दिया तो वह अपने घर पर सात दिन में उसे मार देगा। इससे घबराकर बाद में दुल्हन ने खुद ही विदाई से इनकार कर दिया। रविवार को 11 गांवों की हुई पंचायत में लड़की पक्ष को 65 लाख रुपये देने व जुर्माने के तौर पर 11 लाख रुपये गौशाला में देने का फैसला हुआ। गांव लाला के प्रदीप कुमार के बेटे मणि कुमार की शादी नारनौल के गांव निजामपुर की लड़की सुषमा से तय हुई थी। शनिवार को बारात निजामपुर गई थी। राजी-खुशी के माहौल में रात को दूल्हा-दुल्हन के सात फेरे भी हो गए थे। मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब खाना-खाते समय दूल्हे ने लड़की पक्ष से फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर दी। आरोप है कि इस दौरान दूल्हे ने कहा कि यदि फॉर्च्यूनर नहीं दी तो वह घर पर सात दिनों में उसे मार देगा। दूल्हा बोला, गुस्से में कहा : इस बारे में जब लड़की पक्ष ने दूल्हे से बात की तो उसने कहा कि उसने जो भी कहा, गुस्से में कह दिया। उसने केवल इतना कहा था कि यदि उसके पिता को कुछ हो जाए तो क्या वह उनकी सेवा और घर में बंधे पशुओं का कार्य करेगी। लड़की ने जब इनकार कर दिया तो उसने आवेश में आकर ऐसा बोल दिया था। इधर, दुल्हन ने कहा कि खाना खाते समय मणि ने उससे पूछा उसने कितनी पढ़ाई की है। उसने कहा कि वह तो इंग्लिश मीडियम से पढ़ा और वह उससे कम पढ़ी-लिखी है। वह ये शादी नहीं करेगा। सेना से रिटायर होने के बाद हरियाणा पुलिस में कार्यरत दूल्हे के पिता प्रदीप कुमार का कहना है कि उन्होंने दहेज की कोई मांग नहीं की थी। लड़के ने गुस्से में कुछ बोल दिया होगा। वे लड़की को ले जाने के लिए तैयार हैं। लड़की के चाचा कमल भास्कर ने कहा कि बड़े ही चाव के साथ शादी संपन्न हुई थी। हमारे परिवार ने इस विवाह में 15 लाख 51 हजार रुपये नकद और 11 तोला सोने के आभूषण दिए। शादी पर कुल 60 लाख रुपये का खर्चा आया है।

### जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से पूरी तरह घबरा गए हैं एनडीए नेता: तेजस्वी



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता पूरी तरह घबरा गए हैं। तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा के दौरान रविवार की देर शाम समस्तीपुर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम रोजगार देने की बात करते थे तो राजग के नेता कहते थे कि यह असंभव है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के 17 महीनों के कार्यकाल में हमने छह लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जिसमें सभी जाति और धर्मों के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमने 10 लाख लोगों को रोजगार देने की चुनाव वादा किया था जिसे पूरा करने की कोशिश की। लेकिन बीच में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पलटी मार कर भाजपा की गोद में जा बैठे। जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से भाजपा समेत राजग के नेता पूरी तरह घबरा गए है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने पटना में तीन मार्च को होने वाली महारैली में लोगों एवं युवाओं को शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि यह महारैली ऐतिहासिक होगी। इस जन विश्वास यात्रा में पूर्व मंत्री एवं उजियापुर के राजद विधायक आलोक कुमार मेहता, माकपा विधायक दल के नेता अजय कुमार एवं समस्तीपुर के स्थानीय राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन भी शामिल थे। समस्तीपुर में तेजस्वी यादव के पहुंचने पर राजद के जिलाध्यक्ष रोमा भारती, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो अबू तमीम समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया।

# भैरों मार्ग अंडरपास की दोनों लेन यातायात के लिए खोली जाएंगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में रिंग रोड से भैरों मार्ग को जोड़ने वाले अंडरपास का रूट प्लान बदला जा रहा है। पहले भैरों मार्ग से रिंग रोड होते हुए सराय काले खां की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए ही दो लेन खोलने की योजना थी, लेकिन अब इसको दोनों तरफ के यातायात के लिए खोला जाएगा।

अंडरपास के खुलने पर प्रतिदिन 20-30 हजार वाहनों का आवागमन होने की संभावना है। इससे पूर्वी दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा से आने वाले लोगों का रिंग रोड के रास्ते नई दिल्ली क्षेत्र में आवागमन आसान होगा। रिंग रोड और भैरों मार्ग को अंडरपास से जोड़ने वाली अप्रोच रोड भी बनकर तैयार

लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में टनल की चार लेन में से सिर्फ दो ही लेन खुलनी है। इन दोनों लेन से भैरों मार्ग से सराय काले खां की तरफ जाने वाले और आईटीओ की तरफ से रिंग रोड के रास्ते भैरों मार्ग आने वाले ट्रैफिक को शुरू किया जाएगा। इन दोनों लेन को स्प्रिंग पोस्ट के जरिए दो हिस्सों में बांट दिया गया है। रिंग रोड और भैरों मार्ग को अंडरपास से जोड़ने वाली अप्रोच रोड भी बनकर तैयार है। सड़क सुरक्षा से जुड़े काम बाकी है, जिन्हें अगले चार से पांच दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दोनों तरफ का ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा। इससे लोगों को कई मार्गों पर जाम से भी छुटकारा मिलेगा।

अधिकारियों के अनुसार, चार लेन के अंडरपास में दो लेन को तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें अभी दो से तीन महीने लग सकता हैं। इनके तैयार होने के बाद दोनों तरफ के ट्रैफिक के आवागमन को दो-दो लेन उपलब्ध होंगी। अंडरपास को अगस्त 2022 तक पूरा किया जाना था। इसके बाद से 10 से अधिक बार इसकी समय सीमा को बढ़ाया जा चुका है लेकिन अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है।

## बीमारी ठीक करने के नाम पर जबरन करवाया जा रहा था धर्म परिवर्तन

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले से धर्म परिवर्तन का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भोले भाले लोगों के घरों में जाकर बीमारी ठीक करने के नाम पर जबरन ईसाई धर्म कुबूल करवाया जा रहा था। कमरे में प्रार्थना करवाई जा रही थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे लोगों ने धर्म परिवर्तन करवा रहे शख्श की जमकर धुनाई कर दी। सूचना पाकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और मामले का खुलासा हो गया। मामला कहलगाँव अनुमण्डल के रसलपुर थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार चौंक की है। यहाँ के निवासी पप्पू यादव के मकान में धर्म परिवर्तन के लिए गायन बाजन और प्रार्थना कराया जा रहा था। स्थनीय लोगों ने ईसाई धर्म के मौकिम नामक शख्स को पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही उसके पास से बाईबिल की किताबें समेत कई तरह के समान बरामद हुए हैं। जबकि उसके साथ अनीता देवी नाम की एक महिला मौके से फरार हो गई।

**दर्जनों महिलाएं और पुरुष प्रार्थना सभा में हो रहे थे शामिल**

मकान के नीचे अपनी दुकान चलाने वाले मनोज साह ने बताया कि सालभर से दर्जनों महिलाएं और पुरुष अलग-अलग गांव मोहल्ले से आकर प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे थे। प्रार्थना सभा में शामिल नीलम देवी और स्नेह लता देवी ने बताया कि मौकीम गांव के लोगों को इनमें जोड़ते और बताते कि अगर कोई बीमार है तो वो इसाई धर्म अपनाकर ठीक हो सकता है। सभी को बीमारी ठीक होने का लालच दिया जाता था, जिससे लोग मजबूरी में धर्म परिवर्तन को मजबूर हो जाते थे, और जो लोग उनकी बातों को नहीं मानते थे उन्हें डराया जाता था।

## सड़क पर नोंचते रहे कुत्ते और चीखती रही बच्ची, डीजे के शोर में दब गई आवाज; मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। तुगलक रोड में इस बार इन कुत्तों ने 18 महीने की एक बच्ची को नोंच-नोंच कर मार डाला। इस घटना से इलाके के लोग दहशत में है और इन खूंखार कुत्तों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। शैली ओबेरॉय ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह दुख की घड़ी है। एक मां का अपने बच्चे को खोना कोई छोटी बात नहीं है। हम यहां परिवार से मिलने आए थे और हमने देखा कि वो कैसे रो रहे हैं और बिलख रहे हैं। जितने भी आवारा पशु हैं आज की तारीख में दिल्ली के अंदर उससे लोगों को गंभीर संस्याओं से जूझना पड़ रहा है। यह एनडीएमसी का इलाका है। हमने निर्देश दिया है कि यह एनडीएमसी हो या एमसीडी हो सभी मिलकर आवारा पशुओं का समाधान निकालेंगे। इस दौरान पशु प्रेमियों का भी ध्यान रखा जाएगा और बच्चों की सुरक्षा को भी देखा जाएगा। आने वाले समय में ऐसी कोई घटना ना हो उसके लिए हम तैयारी करेंगे और अभी जिसकी भी लापरवाही है उसपर सख्त से सख्त ऐक्शन लिया जाना चाहिए। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि तुगलक रोड इलाके में शनिवार की देर शाम तीन-चार आवारा कुत्तों ने सड़क पर डेढ़ साल की एक बच्ची पर अचानक हमला कर दिया। अचानक कुत्तों के इस हमले की वजह से डेढ़ साल की बच्ची चीखने लगी। लेकिन उस दौरान पास में ही डीजे पर जोर-जोर से गाना चलाया जा रहा था। इसकी वजह से बच्ची की आवाज गाने की शोर में दब गई। आवारा कुत्ते काफी देर तक बच्ची को नोंचते रहे। इसके बाद कुछ लोगों की नजर इन कुत्तों पर पड़ी। किसी तरह इस बच्ची को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया गया। बताया जा रहा है कि इन आवारा कुत्तों के हमले के बाद बच्ची के परिजन उसे अस्पताल लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित बच्ची का परिवार तुगलक रोड के धोबी घाट में रहता है। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि एक महिला डॉग-लवर इन कुत्तों को अक्सर खाना देती हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि महिला को कई बार इन आवारा कुत्तों को खाना नहीं देने के लिए कहा गया लेकिन वो उल्टे उन्हें धमकाती हैं। बच्ची के पड़ोसी इन आवारा कुत्तों पर लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नोएडा में 7000 लोगों को जल्द मिलेगा घर का मालिकाना हक, 9 प्रोजेक्ट के बिल्डरों ने चुकाया 25 प्रतिशत बकाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** घर खरीदारों के लिए राहत भरी खबर है। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में सात हजार लोगों को होली से पहले फ्लैटों का मालिकाना हक मिल जाएगा। नौ परियोजनाओं के बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि के 30 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं। उनके फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू होने जा रही है। इसके अलावा कुल 37 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत बकाया जमा कराने की सहमति दी है। राशि जमा कराने के बाद संबंधित प्रोजेक्टों में भी रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी।

अमिताभकांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकायेदार बिल्डरों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को मानते हुए कुल बकाये की 25 प्रतिशत धनराशि जमा करने के लिए अभी तक 37 बिल्डरों ने सहमति दे दी है। सात बिल्डरों ने बकाये की धनराशि का 25 प्रतिशत करीब 30 करोड़ रुपया जमा भी करा दिया है। सहमति देने वाले अन्य बिल्डरों को जीरो पीरियड का लाभ देते हुए कुल बकाये के संबंध में जानकारी दे दी गई है।

इन बिल्डरों के द्वारा भी अगले 60 दिनों में जब कुल बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करा दिया जाएगा, तब उनके प्रोजेक्टों में भी रजिस्ट्री शुरू होगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार नोएडा क्षेत्र में कुल 57 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनका न्यायालय में कोई विवाद नहीं है। इन बिल्डरों पर करीब आठ हजार करोड़ रुपये प्राधिकरण के बकाया हैं। इन बिल्डरों में से 37 बिल्डर अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर बकाये का 25 फीसदी जमा करने पर सहमति दी, लेकिन 20 बिल्डर अभी भी ऐसे हैं जिन्होंने सहमति नहीं दी है।

## डोनाल्ड ट्रंप नामांकन के एक कदम और करीब पहुंचे



**साउथ कैरोलिना , एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज कर ली है। शनिवार को घोषित हुए नतीजों में डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल की निक्की हेली को हरा दिया है।


डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह जीत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई, क्योंकि ट्रंप ने सभी चार प्रमुख प्रारंभिक नामांकन प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक जीत हासिल की है।

दक्षिण कैरोलिना के प्राथमिक नतीजों में हेली को 39.5 प्रतिशत वोट मिले और ट्रंप को 59.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। जिसके बाद पूर्व राष्ट्रपति के लिए 44 प्रतिनिधि और दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर के सिर्फ तीन प्रतिनिधि हुए हैं।

### ट्रंप के विचारों को मिला जनता का साथ

दक्षिण कैरोलिना के चुनावी मैदान ट्रंप के दक्षिणपंथी और व्यक्तिगत शिकायतों का पक्ष लोगों को ज्यादा लोकलुभावन लगा, जिसने पारंपरिक रूढ़िवादी निक्की हेली के लिए मतदाताओं के साथ जुड़ना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। दरअसल, निक्की हेली की राजनीतिक विचारधाराओं में विरोधाभास मतदान पैटर्न में स्पष्ट हो गया। अपनी जीत को लेकर ट्रंप ने चुनावी भाषण में कही भी निक्की हेली का जिक्र नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने अपना ध्यान अपने संभावित डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी, जो बाइडन की ओर रखा किया। यह नवंबर में व्यापक चुनावी लड़ाई के लिए उनके दृढ़ संकल्प और तत्परता की ओर इशारा कर रहा है। हार के बावजूद, दक्षिण कैरोलिना की दो बार की पूर्व गवर्नर निक्की हेली अपने इरादे पर दृढ़ हैं। उन्होंने हार के बावजूद अपना अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है।

## खुलासा: चीनी हैकर्स ने कज़ाख क्रिटिकल आईटी इन्फ्रा सुविधाओं पर 2 साल तक किए रखा कब्जा



**कजाकिस्तान, एजेंसी।** कजाकिस्तान की राष्ट्रीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने घोषणा की है कि चीनी हैकरों के एक समूह के पास दो साल तक कजाकिस्तान के दूरसंचार ऑपरेटरों के बुनियादी ढांचे को अपने नियंत्रण में रखाा। फरवरी 2024 में, अज्ञात व्यक्तियों ने पर चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के ठेकेदारों में से एक, से लीक हुआ गुप्त डेटा प्रकाशित किया। चेंग्दू 404 से जुड़ा है, जो चीनी साइबर इंटेलिजेंस द्वारा नियंत्रित एक संरचना है जिसे एपीटी41 के नाम से जाना जाता है । इस डेटा के अनुसार, पिछले दो वर्षों में कम से कम एक चीनी हैकर समूह के पास कजाकिस्तान के दूरसंचार ऑपरेटरों के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे तक पूरी पहुंच थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि लीक हुए दस्तावेज़, चीनी सुरक्षा फर्म द्वारा बेचे गए हैकिंग टूल और डेटा कैश का एक हिस्सा, विदेशी सरकारों और दूरसंचार कंपनियों की वेबसाइटों में सेंध लगाने के अभियान का हिस्सा है। आईसून उन सैकड़ों उद्यमशील कंपनियों में से एक है जो चीन के आक्रामक राज्य-प्रायोजित विश्वव्यापी हैकिंग प्रयासों का समर्थन करती है। जाहिर तौर पर गिटहब पर और भी बहुत कुछ है, लेकिन वर्तमान में कजाकिस्तान चीनी खुफिया सेवाओं के लिए विशेष रुचि रखता प्रतीत होता है। सामग्री, जो हाल ही में गिटहब वेबसाइट पर पोस्ट की गई थी, डेटाबेस को लक्षित करने और किर्गिस्तान, मंगोलिया, पाकिस्तान, मलेशिया, नेपाल, तुर्की, भारत, मिस्र, फ्रांस, कंबोडिया, रवांडा, नाइजीरिया, हांगकांग, को टैप करने के आठ साल के प्रयास का खुलासा करती है। इंडोनेशिया, वियतनाम, म्यांमार, फिलीपींस और अफगानिस्तान। फाइलों में चीन में जातीय अल्पसंख्यकों की गतिविधियों और ऑनलाइन जुआ कंपनियों की निगरानी के लिए एक अभियान भी दिखाया गया है। कजाख डिजिटल विकास, नवाचार और एयरोस्पेस उद्योग मंत्रालय ने 20 फरवरी 2024 को एक बयान में कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (केएनबी) के साथ मिलकर अधिक जानने के लिए लीक हुई जानकारी का विश्लेषण करना शुरू कर दिया है। हमलावरों ने डेटाबेस जैसी सामान्य जानकारी और विशिष्ट व्यक्तियों की बिंदु जानकारी दोनों को लक्षित किया। यह लीक सॉफ्टवेयर, विंडोज, मैक, आईओएस और एंड्रॉइड के लिए ट्रोजन, डीडीओएस सेवाओं, सोशल नेटवर्क उपयोगकर्ताओं को गुमनाम करने के लिए सिस्टम, वाई-फाई हैकिंग उपकरण और बहुत कुछ का उपयोग करते हुए चीनी खुफिया के रूपों और तरीकों पर प्रकाश डालता है। विश्लेषण से पता चलता है कि चोरी की गई जानकारी की मात्रा काफी बड़ी है और कुछ मामलों में टेराबाइट्स में है। चीनी एपीटी41 समूह लगभग दो वर्षों से कज़ाख बुनियादी ढांचे में बैठा है, और यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है।

### भगवंत मान ने भाजपा सांसद सनी देओल पर साधा निशाना

**पठानकोट, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को गुरदासपुर से भाजपा सांसद सनी देओल पर निर्वाचन क्षेत्र से उनकी 'अनुपस्थिति को लेकर निशाना साधा और उन्हें याद दिलाया कि राजनीति का मतलब मतदाताओं की सेवा करना तथा उनके लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहना है। मान ने देओल पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'यह नौ से पांच की नौकरी नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए पठानकोट जिले के विकास को गति देने की घोषणा की और कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती शहर को एक विशेष औद्योगिक तथा व्यापार पैकेज देने की व्यवहार्यता तलाशेगी। मान ने 'सरकार-व्यापार मिलनी कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से पठानकोट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ानें शुरू करने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे।

## जिनपिंग का गुप्त एजेंडा: अमेरिकी युवाओं को सीसीपी के एजेंट बनाने की तैयारी

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अमेरिका के खिलाफ नए प्लान का खुलासा हुआ है। शी जिनपिंग अमेरिकी युवाओं को सीसीपी के एजेंट बनाने की तैयारी के तहत उनका चीन बुला कर ब्रेन वॉश किया जा रहा है। इस गुप्त योजना के तहत कम से कम पांच अमेरिकी छात्र समूहों ने जनवरी में बीजिंग की यात्राएं पूरी कीं, जो अगले पांच वर्षों में विनिमय और अध्ययन कार्यक्रमों के लिए 50,000 युवा अमेरिकियों को चीन में आमंत्रित करने की चीनी नेता शी जिनपिंग की योजना की शुरुआत का प्रतीक है। शी जिनपिंग ने पिछले साल सैन फ्रांसिस्को की अपनी यात्रा के दौरान चीन-अमेरिका संबंधों को बढ़ाने के महत्व पर जोर देते हुए इस युवा मित्रता योजना की घोषणा की थी। चीनी राज्य मीडिया शिन्हुआ ने 4 जनवरी को आयोवा की अमेरिकी निवासी सारा लांडे को लिखे शी के पत्र की सूचना दी, जिसमें 50,000 युवा अमेरिकियों को चीन में आमंत्रित करने के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया था। इस पहल को तब और समर्थन मिला जब शी और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने 10 जनवरी को यूएस लिंकन हाई स्कूल में शिक्षकों और छात्रों के चीनी नव वर्ष ग्रीटिंग कार्ड के जवाब में कार्यक्रमों का उल्लेख किया। अमेरिका में विद्वान चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि ये विनिमय कार्यक्रम एक अधिक भयावह उद्देश्य की पूर्ति कर रहे हैं, जो



प्रभावी रूप से अमेरिकी युवाओं को सीसीसीपी के अनजाने एजेंटों में बदल रहे हैं। जैसा कि चीन के सिटीजन पावर इनिशिएटिव्स के रिसर्च फेलो जेनेट टोंग और राइट स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले अर्थशास्त्री इवान ओसबोर्न के एक टिप्पणी लेख में उल्लिखित है, इन यात्राओं के कार्यक्रम में प्राचीन चीनी संस्कृति और व्यंजनों का नियमित अनुभव, आधुनिक लोगों का दौरा शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार कथित तौर पर मेजबान चीनी छात्रों के साथ बातचीत के माध्यम से, अमेरिकी प्रतिभागी तेजी से जुड़े और उन्हें विवादास्पद चीनी सोशल मीडिया ऐप, वीचैट डाउनलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। कथित तौर पर कुछ लोगों को चीन में अध्ययन और काम करने पर विचार करने के लिए आमंत्रित किया गया था, जो इन युवा दिमागों के भविष्य के प्रक्षेप पथ को प्रभावित करने के अधिक घातक उद्देश्य का सुझाव देता था। अमेरिका के विद्वानों को डर है कि सीसीपी का अंतिम लक्ष्य समर्थकों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो वैश्विक प्रभुत्व के लिए शी जिनपिंग के दृष्टिकोण के साथ वैचारिक रूप से जुड़े हों। उन्होंने चेतावनी दी है कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य निर्दोष अमेरिकी युवाओं में लाल जीन पैदा करना है, जिससे उन्हें सीसीपी के सत्तावादी मॉडल के लिए अनजाने उपकरण में बदल दिया जा सके।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129